16- FEB- BSP- P-1_Layout 1 2/16/2025 11:58 PM Page 1

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, सोमवार 17 फरवरी 2025
[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया ]

तापमान
अधिकतम 34.4 डिग्री
न्यूनतम 16.4 डिग्री


रक्सौल से हैदराबाद जाने वाली ट्रेन में काफी भीड़। बर्थ में पैर रखने की भी जगह नहीं।

## खबर संक्षेप

### कटनी-चिरमिरी मेमू आज रहेगी रद्द



**बिलासपुर।** रैक की अनुपलब्धता के कारण 16 फरवरी को कटनी से रवाना होने वाली 61601 कटनी-चिरमिरी मेमू तथा 17 फरवरी को चिरमिरी से रवाना होने वाली 61602 चिरमिरी-कटनी मेमू रद्द रहेगी। यह जानकारी रेलवे की ओर से दी गई है। मेमू के रद्द होने से यात्रियों को फिर परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।


### व्यापमं से इस बार 10 प्रवेश परीक्षाएं होंगी



**बिलासपुर।** शिक्षा सत्र 2025-26 के लिए व्यापमं से दस प्रवेश परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। इसकी शुरुआत पॉलीटेक्निक प्रवेश परीक्षा से होगी। यह 1 मई को आयोजित की जाएगी। इसी दिन प्री-एमसीए भी होगा। प्री इंजीनियरिंग टेस्ट और प्री फार्मेसी टेस्ट 8 मई को होगा। जबकि प्री एग्रीकल्चर टेस्ट, प्री बीएड, डीएलएड और बीएससी नर्सिंग की प्रवेश परीक्षा भी मई में होगी। एमएससी व पोस्ट बेसिक नर्सिंग के लिए एंट्रेंस एग्जाम जून में होगा।

### चुनाव ड्यूटी से गायब पटवारी सस्पेंड

**बिलासपुर।** नगर निगम चुनाव की मतगणना के दौरान बिना सूचना अनुपस्थित रहने वाले पटवारी को एसडीएम ने निलंबित कर दिया है। सरकंडा के पटवारी पराग महिलाने को 15 फरवरी को सुबह 8 बजे मतगणना कक्ष में सहायक रिटर्निंग अधिकारी पीयूष तिवारी के कक्ष में उपस्थित होना था। पटवारी के मुताबिक उनके चाचा की तबीयत रात में अचानक बिगड़ गई थी, जिसके चलते वे उन्हें रायपुर अस्पताल ले गए। हालांकि, अपने बचाव में पेश किए गए मेडिकल बिल और फोटो के बावजूद उन्हें राहत नहीं मिली। एसडीएम ने अपने आदेश में कहा कि पटवारी की अनुपस्थिति से निर्वाचन कार्य प्रभावित हुआ। उनके इस कृत्य को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 3 का स्पष्ट उल्लंघन माना गया। साथ ही यह छत्तीसगढ़ शासकीय सेवा नियम 1966 के तहत दंडनीय अपराध है। पटवारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है और उनका कार्यभार भरारी के पटवारी विकास कुमार जायसवाल को सौंप दिया गया है। एसडीएम के मुताबिक, चुनाव जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्य में बिना सूचना और अनुमति के अनुपस्थित रहना घोर लापरवाही है।



# दिन में तेज गर्मी, रात में हल्की ठंड, ...और बढ़ेगा तापमान

## न्यूनतम तापमान 16 .4 और अधिकतम 33 डिग्री दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर सहित छत्तीसगढ़ में कड़ाके की ठंड अब खत्म हो गई है। कई इलाकों में गर्मी बढ़ रही है। बिलासपुर में रविवार को तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई। फरवरी माह के पहले सप्ताह से ही कई क्षेत्रों का तापमान बढ़ा है।

मौसम विभाग के मुताबिक, अफगानिस्तान और पाकिस्तान से आ रहे पश्चिमी विक्षोभ का असर 17 और 18 फरवरी को देखने को मिलेगा, जिससे अधिकतम तापमान और बढ़ेगा। रायपुर मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञ हरिप्रकाश चंद्रा के मुताबिक, पिछले 24 घंटों में शहर का न्यूनतम तापमान 16.4 डिग्री और अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस रहा।



मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के कारण हवा की दिशा पश्चिम या दक्षिण-पश्चिम की ओर होगी, जिससे तापमान में बढ़ोतरी होगी। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि ठंड का मौसम अब समाप्ति की ओर है। ठंडी और शुष्क हवाओं का प्रभाव कम होने से दिन-प्रतिदिन गर्मी बढ़ेगी। मकर संक्रांति के बाद से सूर्य की दिशा में परिवर्तन के कारण दिन की अवधि बढ़ रही है और रातें छोटी हो रही हैं। जब तक हवा की दिशा में कोई बड़ा बदलाव नहीं होता, तब तक न्यूनतम तापमान में ज्यादा उतार-चढ़ाव देखने को नहीं मिलेगा।

### बिलासपुर समेत पूरे प्रदेश में मौसम शुष्क

फिलहाल बिलासपुर समेत पूरे प्रदेश में मौसम शुष्क है। हवा की दिशा बदलने से मौसम में थोड़ा बदलाव आया है। पिछले 24 घंटे में उत्तर और मध्य छत्तीसगढ़ में न्यूनतम तापमान में 1-2 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हुई और दक्षिण छत्तीसगढ़ में 2-3 डिग्री सेल्सियस की कमी आई। अगले तीन दिनों में अधिकतम तापमान में 2-3 डिग्री की बढ़ोतरी हो सकती है। दूसरी ओर शहर में न्यूनतम तापमान में मामूली कमी आई है। इसके बाद एक से तीन डिग्री की बढ़ोतरी होगी। रविवार की रात का तापमान 16.1 डिग्री रहा, जो सामान्य से 1.3 डिग्री कम रहा। दिन का तापमान 33.4 डिग्री रहा। औसत से 2.2 डिग्री ज्यादा रहा।

### सुबह से शाम तक निकल रही तेज धूप

बिलासपुर में तेज धूप के कारण दिन में गर्मी महसूस हुई, लेकिन देर रात से सुबह तक हल्की ठंड महसूस हुई। शनिवार को अधिकतम तापमान 32.4 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1.3 डिग्री अधिक रहा। रात का तापमान 14 डिग्री रहा। तापमान में बढ़ोतरी की संभावना है। अगले 3 दिनों में उत्तरी छत्तीसगढ़ में न्यूनतम तापमान में 2-4 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान में 1-3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होने की संभावना है।

## महामाया चौक से शुरू हुई रैली गांधी चौक पर समाप्त हुई

# भाजपा ने निकाला विजय जुलूस, जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का वादा



नगर निगम चुनाव में रिकार्ड मतों से जीत हासिल करने के बाद रैली में जनता का आभार व्यक्त करतीं मेयर पूजा विधानी साथ में विधायक अमर अग्रवाल, धर्मजीत सिंह व अन्य। विजयी पार्षदों ने भी रैली में शामिल होकर जनता का आभार व्यक्त किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों ने भारी बहुमत के साथ विजय श्री हासिल की है। इसका जश्न पार्टी ने रविवार को विजय जुलूस निकालकर मनाया। दोपहर करीब एक बजे महामाया चौक से शुरू हुई रैली गांधी चौक पहुंचकर समाप्त हुई। यहां पहुंचने में रैली को ढाई घंटे से अधिक लगे। इस दौरान हर चौक चौराहे पर आतिशबाजी की गई तो मिठाईयां बांटी गई।

रैली के दौरान सबसे आगे की गाड़ी में महापौर पद पर निर्वाचित श्रीमती पूजा विधानी के साथ केन्द्रीय मंत्री तोखन साहू, डिप्टी सीएम अरुण साव, नगर विधायक अमर अग्रवाल, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह के साथ बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला सवार थे। दूसरी गाड़ी में सभी 21 महिला पार्षद तो तीसरी गाड़ी में भाजपा से जीते 28 पुरुष पार्षद सवार थे। भाजपा का यह विजयी रविवार की दोपहर एक बजे मॉ महामाया चौक से प्रारंभ हुई। जुलूस मॉ महामाया चौक सरकंडा से प्रारंभ होकर रामसेतू चौक, प्रताप चौक, पं.देवकीनंदन चौक, संतोश भवन, सिम्स चौराहा, करोना चौक, सदर बाजार, किशन चौक, गोल बाजार, सिटी कोतवाली चौक, मनोहर टॉकिज, हटरी चौक होते हुये गांधी चौक तक पहुंची और रैली का समापन किया गया। रैली में भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक सिंह भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी, पूर्व विधायक डॉ.कृष्णमूर्ति बांधी, रजनीश सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष बिलासपुर ग्रामीण मोहित जायसवाल, भाजपा जिला कोशाध्यक्ष गुलशन ऋशि सहित भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुए।



### जो कहा है उसे पूरा करेंगे

इस दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा है कि अटल विश्वास पत्र में बिलासपुर शहरी क्षेत्र की जनता ने भरोसा किया। पूरे प्रदेश में मोदी की गारंटी तथा साय सरकार के सुशासन पर जनता ने मुहर लगाई। कार्यकर्ताओं की मेहनत तथा जनते के उत्साह ने इस जीत को ऐतिहासिक बना दिया है। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने इस जीत को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि साय सरकार के नेतृत्व में प्रदेश में मोदी की गारंटी पुरी की जा रही है। नगर विधायक अमर अग्रवाल ने बिलासपुर नगर निगम में सभी मतदाताओं, कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि यह जीत कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है। महापौर के साथ ही 49 वार्डों में जीत बताती है कि शहर में लोगों का विश्वास भाजपा पर ही है। उन्होंने कहा कि हम जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरेंगे। जो हमने वादे किए हैं वह तय समय में पूरा करेंगे। विधायक सुशांत शुक्ला, धर्मजीत सिंह, धरमलाल कौशिक ने भी शहरी क्षेत्र की जनता के प्रति आभार जताया है। महापौर श्रीमती पूजा विधानी ने भी भाजपा के कार्यकर्ताओं तथा बिलासपुर के मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

# त्रिलोक कांग्रेस से 6 साल के लिए निष्कासित


पत्रकारों से चर्चा करते जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय केशरवानी व अन्य।

- निकाय चुनाव में अनुशासनहीनता और पार्टी विरोधी काम करने का आरोप
- जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक में लिया गया फैसला, दी गई चेतावनी

**बिलासपुर।** निकाय चुनाव में अनुशासनहीनता के मामले में जिला कांग्रेस कमेटी ने कोनी क्षेत्र के नेता और महापौर पद के लिए दावेदारी करने वाले त्रिलोकचंद श्रीवास को 6 साल पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया है। यह निर्णय जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया है और इसकी जानकारी पत्रकारवार्ता में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय केशरवानी ने दी। त्रिलोक श्रीवास पर आरोप है कि उन्होंने कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशियों के खिलाफ चुनाव प्रचार किया और अपनी पत्नी स्मृति श्रीवास को पंचायत चुनाव में पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ उतारा। इसके अलावा, उन्होंने नगर निगम बिलासपुर के वार्ड क्रमांक 68 में कांग्रेस प्रत्याशी के खिलाफ अपने परिवार के सदस्य को खड़ा किया।

जिला कांग्रेस कमेटी के मुताबिक कल्पना कनेरी, सुनीता कौशिक और झगरराम सूर्यवंशी सहित कई नेताओं ने त्रिलोक श्रीवास के खिलाफ लिखित शिकायतें की थीं। ध्यान रहे कि त्रिलोक श्रीवास के खिलाफ 2008, 2013, 2018 विधानसभा चुनाव और 2019, 2023 के चुनावों में पार्टी प्रत्याशियों के खिलाफ काम करने की शिकायतें प्राप्त हुई थीं। उनके इस रवैये को कांग्रेस ने "खुली बगावत" और "अनुशासनहीनता" करार दिया। जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक में विधायक दिलीप लहरिया, अटल श्रीवास्तव, पूर्व विधायक रश्मि सिंह, और अन्य वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में सर्वसम्मति से त्रिलोक श्रीवास को कांग्रेस पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित करने का प्रस्ताव पारित किया गया।

### पंचायत चुनाव में समर्थन भी नहीं

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय केशरवानी ने बताया कि कांग्रेस कमेटी ने त्रिलोक श्रीवास की प्राथमिक सदस्यता समाप्त करते हुए स्पष्ट किया कि आगामी पंचायत चुनावों में उनके परिवार के किसी भी सदस्य को पार्टी से अधिकृत या समर्थन नहीं दिया जाएगा। श्री केशरवानी के मुताबिक श्रीमती स्मृति श्रीवास को चुनाव लड़ाते हुए उनके पक्ष में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर चुनाव प्रचार किया गया। त्रिलोक श्रीवास ने अपनी फोटो भी छपवाई है। यह कृत्य अनुशासनहीनता साथ ही खुलाघात की श्रेणी में आता है। उन्होंने कहा कि त्रिलोक लगातार पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होते हुए भाजपा को लाभ पहुंचा रहे थे। इसलिए यह कदम उठाया गया है। श्री केशरवानी ने यह भी चेतावनी दी है कि आगे भी ऐसे भितरघातियों को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा। कांग्रेस के खिलाफ बगावत बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### जिला अध्यक्ष को अधिकार नहीं

कांग्रेस से निकाले जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए त्रिलोक श्रीवास ने कहा कि जिला अध्यक्ष को उन पर कार्रवाई का अधिकार ही नहीं है। वे कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारी हैं। इसके साथ ही अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के राष्ट्रीय समन्वयक एवं उत्तर प्रदेश तथा गुजरात के प्रभारी हैं। उन्होंने पार्टी विरोधी कोई कार्य नहीं किया है। नगर निगम चुनाव में उन्होंने महापौर प्रमोद नायक के पक्ष में पूरा कार्य किया था। इस पर महापौर प्रत्याशी प्रमोद नायक ने उनके समर्थन में पत्र भी जारी किया है। त्रिलोक ने कहा कि जिला, पंचायत चुनाव पार्टी पर आधारित नहीं हो रहा है, उनकी पत्नी वर्तमान में जिला पंचायत सदस्य है। इसके पश्चात भी जिला अध्यक्ष उनसे व्यक्तिगत द्वेष भाव रखने के कारण यह कार्रवाई कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पंचायत चुनाव के पश्चात पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय केशरवानी की शिकायत करेंगे।



16 FEB- BSP-PG-2_Layout 1 2/17/2025 12:09 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### नेहरू चौक का फौव्वारा महीनों से बंद



**बिलासपुर।** शहर के प्रमुख चौराहों में शामिल नेहरू चौक बदहाल हो चुका है। शाम ढलते ही नेहरू प्रतिमा केआसपास अंधेरा छा जाता है। प्रतिमा को रोशन करने लाखों रूपए खर्च कर लगाई गई लाइटें महीनों से बंद पड़ी हुई है। वहीं प्रतिमा को आकर्षक बनाए रखने चारों तरफ फुहारा लगाया गया था। जो काफी दिनों से बंद है। इस चौक से होकर रोजाना शासकीय कार्यालय के उच्चधिकारी आवागमन करते हैं। इसके बाद भी इसे सुधारने निगम अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। मालूम हो कि उक्त चौक को नए सिरे से संवारने के लिए प्रशासन ने लाखों रूपए खर्च किए थे।

### अवैध पार्किंग से रोड हुई संकरी



**बिलासपुर।** सिम्स हास्पिटल के सामने अवैध रूप से ठेला लगाकर व्यवसाय करने वालों के कारण सड़क काफी संकरी हो गई थी। जिसके कारण चार पहिया वाहन खासकर एम्बुलेंस जाम में फंसे रहते थे। आवागमन को सुगम बनाए रखने नगर निगम द्वारा अवैध कब्जाधारियों पर कार्रवाई करते हुए ठेलों को जब्त किया गया था। वहीं अब मेडिकल स्टोर, होटल संचालक सहित अन्य व्यापारी अपने दुपहिया वाहन खड़े कर सड़क को फिर से संकरा कर दिए हैं। जिसके कारण समस्या जस की तस बनी हुई है।

### अधूरा निर्माण बना जानलेवा



**बिलासपुर।** सरकंडा क्षेत्र के अरपा नदी के किनारे बाईपास रोड का निर्माण किया जा रहा है। उक्त रोड को इंदिरा सेतु से जोड़ने महीनों पहले गड्ढा किया गया था, जो लोगों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है। इंदिरा सेतु में स्ट्रीट लाइट न होने के कारण शाम ढलते ही अंधेरा छा जाता है। इस मार्ग से आवागमन करने वाले वाहन चालक दुर्घटना के शिकार हो रहे है। जिसकी शिकायत जनप्रतिनिधियों कई बार प्रशासन से की है, लेकिन अब तक इसे सुधारा नहीं गया।

### जब्त वाहन हो गए कबाड़



**बिलासपुर।** सिविल लाइन पुलिस द्वारा चोरी और दुर्घटना में जब्त किए गए वाहन कबाड़ होते जा रहे हैं। इनमें से कई ऐसे वाहन हैं जो अच्छी कंडीशन में हैं। लेकिन, इन गाड़ियों को रखने के लिए जगह नहीं है। यही वजह है कि आधा से ज्यादा गाड़ियां कबाड़ हो चुकी हैं। पुलिस विभाग द्वारा समय-समय पर जब्त किए गए वाहनों की नीलामी की जाती है। जिससे थाना परिसर में गाड़ी रखने पर्याप्त जगह बनी रहती है। जानकारी के अनुसार पिछले कई महीनों से वाहनों की नीलामी नहीं की गई है, जिसके कारण गाड़ियों की संख्या काफी बढ़ गई है।

### आवारा कुत्तों के आतंक से लोग परेशान



**बिलासपुर।** सरोहर धरोहर योजना के तहत जतिया तालाब का सौंदर्यीकरण किया गया था। इसके लिए केन्द्र और राज्य सरकार मिलकर करोड़ों रूपए खर्च किया गया है। इन तालाबों में सोलर पैनल, आकर्षक लाइटिंग, पथवे आदि का निर्माण कराया गया है। साथ ही बोटिंग के लिए तालाब का गहरीकरण किया गया है। इसके अलावा ओपन जिम बनाया गया है। लेकिन, सुरक्षा के बेहतर इंतजाम न होने के कारण गार्डन आने वाले लोग काफी परेशान हो रहे हैं। गार्डन में सुबह और शाम सैकड़ों की संख्या में लोग ताजी हवा में सांस लेने आते हैं। लेकिन आवारा कुत्तों के कारण लोगों में डरा समा गया है। लोग अब गार्डन आने में कतराने लगे हैं। वहीं सुरक्षा में तैनात किए गए सुरक्षाकर्मी इन आवारा कुत्तों को हटाने की जहमत नहीं उठाते।

## गर्मी के धान से खेतों में छाई हरियाली



**बिलासपुर।** ग्रामीण इलाकों के खेतों में इन दिनों एकबार फिर हरियाली की चादर बिछी दिखाई दे रही है, यह हरियाली रबी में ली जाने वाली धान की फसल की है। इस साल जिले के किसानों ने रबी में गेहूं, चना, सरसों की फसल बहुत कम रकबे में ली है, गर्मी के धान की फसल लगभग पूरे जिले में लगाई गई है। सिंचाई के साधन वाले गांवों में पूरे रकबे में गर्मी के धान की फसल ली गई है। आमतौर पर किसान गर्मी के धान का रोपा फरवरी के दूसरे पखवाड़े में लगाते हैं, परन्तु इस वर्ष अधिकांश गांवों में जनवरी में ही धान का रोपा लगा दिया गया है, इसलिए अब धान के पौधे हरे भरे हो गए हैं। आने वाले दिनों में यह हरियाली की चादर और गहरा जाएगी।

### सर्वेक्षण के दौरान रिड्यूस-रिसाइकिल-रीयूज फार्मूले से होगा परीक्षण

# कचरा निपटान के लिए 37 नई गाड़ियां, 62 सार्वजनिक टायलेटों पर 1.33 करोड़ खर्च, फिर भी स्वच्छता सर्वेक्षण इस बार चुनौती

**बिलासपुर।** स्वच्छता सर्वेक्षण में इस साल निगम को और चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा, क्योंकि स्कूल, सड़कों व हरियाली को भी सर्वे में शामिल कर लिया गया है। सरकारी स्कूलों में सफाई व जरूरी व्यवस्था सबसे बड़ी चुनौती निगम के सामने होगी, क्योंकि अधिकांश सरकारी स्कूलों की हालत खराब है। फिलहाल देखा जाए तो निगम क्षेत्र में स्वच्छता के लिए किए जा रहे प्रयास के बाद भी नगर के अधिकांश इलाकों में नियमित सफाई नहीं हो पा रही है। इसी तरह 20 प्रतिशत बाजार एरिया की भी सफाई करने में निगम विफल हैं। इसके साथ ही निगम क्षेत्र के 33 प्रतिशत पब्लिक टॉयलेट की सफाई नियमित नहीं हो पा रही है। ध्यान रहे कि 2023 के स्वच्छता सर्वेक्षण में निगम की रैंकिंग 28 थी।

ज्ञात हो कि केंद्र सरकार द्वारा हर साल नगरीय निकायों की स्वच्छता के लिए सर्वेक्षण किया जाता है। वर्ष 2023 के स्वच्छता सर्वेक्षण में बिलासपुर नगर निगम स्थिति फिर भी ठीक थी। बिलासपुर शहर को एक लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में देश का 28 वां सबसे साफ-सुथरा शहर घोषित किया गया था। देश के कई बड़े महानगरों मुंबई, कोलकाता, बेंगलुरु जैसे महानगरों को बिलासपुर ने पीछे छोड़ा था।

निगम हालांकि स्वच्छता के नाम पर प्रचार, प्रसार में दिल खोल कर खर्चा कर रहा है। यहां तक कि सफाई व्यवस्था को घर-घर पहुंचाने के लिए पंचायत क्षेत्रों के



लिए इस साल 37 नई गाड़ियां खरीदी गईं, जिनसे डोर टू डोर कचरा इकट्ठा किया जा रहा है। स्वच्छता का शुभंकर 'बिल्लू बिलासपुरिया' को प्रचार के लिए अयोध्या और बनारस तक भेजा गया, जहां सड़क पर कचरा न फेंक कर उसे डस्टबिन में डालने का संदेश प्रचारित किया गया।

#### वॉल राइटिंग पर 25 लाख रुपए खर्च किए जा रहे

निगम की मानें तो 62 सार्वजनिक टॉयलेट को सर्वसुविधायुक्त बनाने पर 1.33 करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके हैं। हरेक टॉयलेट में फीडबैक लेने के लिए मशीन और सेनेटरी पैड को वैज्ञानिक तरीके से नष्ट करने के लिए इंसीनरेटर लगाए जा चुके हैं। इसके साथ ही वॉल राइटिंग पर 25 लाख रुपए खर्च किए जा रहे हैं। इसके साथ ही मेन रोड सहित वार्डों की अंदरूनी गलियों की सफाई की ऑनलाइन मॉनिटरिंग की जा रही है। किस वार्ड की नाली, गली में गंदगी, कचरे की सफाई के लिए कहां कितने लोग लगे हैं, इसकी निगरानी नियमित रूप से की जा रही है। वार्डों की सफाई का दायित्व जोन कमिश्नरों को दिया गया है, ताकि निगम एरिया के आठों जोन को स्वच्छ रखा जा सके।

#### ध्यान देंगे तभी होगा रैंकिंग में सुधार

इस साल लेकिन वर्तमान वर्ष के सर्वेक्षण के लिए केंद्र सरकार द्वारा ट्रिपल आर फार्मूला यानी रिड्यूस, रिसाइकिल व रीयूज सर्वे के मापदंड तय किए गए हैं। इसमें पिछले सर्वे के अनुसार निगम क्षेत्र में 94 प्रतिशत घरों से डोर टू डोर कचरा कलेक्शन हो रहा है। कचरे के निष्पादन का प्रतिशत 93 है, जबकि 94 प्रतिशत रिहायशी और 93 प्रतिशत मार्केट एरिया और 67 प्रतिशत पब्लिक टॉयलेट की सफाई हो पा रही है। बाकी पर लेकिन ध्यान देना होगा तभी इस साल भी रैंकिंग में सुधार हो सकेगा।

#### सरकारी स्कूल बन सकते हैं परेशानी

जानकारी के अनुसार निगम क्षेत्र में प्रायवेट, सरकारी प्रायमरी से लेकर हायर सेकंडरी तक स्कूल की संख्या 500 से अधिक है। निगम के जिम्मेदारों को प्राइवेट स्कूल में साफ-सफाई की चिंता कम है, लेकिन सरकारी स्कूलों में टॉयलेट की व्यवस्था, वहां पानी की सप्लाई आदि जरूर परेशानी बन सकती है, क्योंकि सरकारी स्कूलों में इनकी व्यवस्था के दावे तो किए जाते हैं, पर उसे मैनेज नहीं किया जाता है। इसी से अंक कम हो सकते हैं। हालांकि आत्मानंद स्कूल बनने से कुछ तो सुधार इस दिशा में भी हुआ है।

#### कचरा निपटान में सबसे अधिक 5705 अंक

इस साल के स्वच्छता सर्वेक्षण में कुल 7500 अंकों को बढ़ाकर 9500 अंक कर दिया है। 9500 अंकों में से 5705 अंक कचरा निपटान के रहेंगे, जो कुल अंक का 60 प्रतिशत के करीब है। इसमें सर्विस लेवल प्रोग्रेस के तहत कचरा संग्रहण, सफाई, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, सैनिटाइजेशन, वाटर मैनेजमेंट शामिल होगा। 2500 अंक सर्टिफिकेशन पर मिलेंगे। इसके साथ ही 1295 अंक सिटीजन फीडबैक पर मिलेंगे।

#### पब्लिक प्लेस की सफाई नियमित कराई जा रही

इस बार के स्वच्छता सर्वेक्षण में बिलासपुर की रैंकिंग बेहतर होगी, क्योंकि रियूज वाटर के लिए ड्यूअल पाइपिंग और रेन वाटर हार्वेस्टिंग के लिए प्रावधान किया गया है। हर वार्ड में स्वच्छता की मॉनिटरिंग के लिए इंजीनियर और सहायक राजस्व निरीक्षक की ड्यूटी लगाई गई है। इसी प्रकार जीएनडी वेस्ट के पुनः उपयोग के लिए तिफरा में प्लांट लगाया जा रहा है। शहर में हरियाली और सड़कें तो ठीक हैं, पब्लिक प्लेस की सफाई भी नियमित कराई जा रही है, लोगों को भी जागरूक होना होगा।

- **खजांची कुम्हार**, अपर आयुक्त, नगर निगम

## कृषि शिक्षक भर्ती में बीएड अनिवार्य, राज्य सरकार नहीं बदल सकती नियम

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रवींद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने एक अहम फैसले में कहा है कि हायर सेकंडरी स्कूल में शिक्षक कृषि की भर्ती के लिए एनसीटीई के नियमों के अनुसार बीएड की डिग्री अनिवार्य है। राज्य सरकार इस



पद पर भर्ती के लिए बीएड की अनिवार्य योग्यता को कम नहीं कर सकती। हाईकोर्ट ने नियमों में बदलाव करने के खिलाफ याचिका मंजूर की है।

अशोकानंद पटेल, परमानंद साहू, आंचल सहाने, महेंद्र पटेल समेत अन्य ने एडवोकेट अजय श्रीवास्तव के जरिए हाई कोर्ट में याचिका लगाई थी, इसमें राज्य सरकार द्वारा 5 मार्च 2019 की जारी की गई अधिसूचना को चुनौती दी गई थी। इस अधिसूचना के जरिए राज्य में कृषि विषय के शिक्षकों की भर्ती के लिए बीएड. की अनिवार्यता को हटा दिया गया था। कहा कि राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) के 12 नवंबर 2017 के निर्देशों के अनुसार मिडिल और हाईस्कूल शिक्षकों के लिए बीएड. डिग्री अनिवार्य है। राज्य सरकार बिना एनसीटीई की अनुमति के इस योग्यता में छूट नहीं दे सकती। साथ ही बताया कि वे कृषि विज्ञान में स्नातक हैं और उनके पास टीईटी के साथ बीएड./डीएलएड. की योग्यता है। उन्होंने दलील दी कि उत्तराखंड हाईकोर्ट ने भी इसी तरह के मामले में राज्य सरकार की अधिसूचना को रद्द कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने भी इस फैसले को बरकरार रखा था। मध्य प्रदेश और राजस्थान में भी कृषि शिक्षकों के लिए बीएड. अनिवार्य किया गया है।

#### एनसीटीई के नियमों को कमजोर नहीं किया जा सकता

हाईकोर्ट ने माना कि राज्य सरकार एनसीटीई के नियमों को कमजोर नहीं कर सकती। सुप्रीम कोर्ट के 2021 के फैसले का हवाला देते हुए हाई कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकार अतिरिक्त योग्यता जोड़ सकती है, लेकिन न्यूनतम योग्यता को हटा नहीं सकती। कोर्ट ने 2019 के नियमों में कृषि शिक्षकों के लिए बीएड. की छूट को असंवैधानिक ठहराया है।

## जैन मुनियों का नगर आगमन शीघ्र

हरिभूमि न्यूज/बिलासपुर

दुर्ग से कानपुर के लिए पूज्य गुरुदेव 4 ठाणा विहार पर निकले हुए हैं। वे बिलासपुर होते हुए पेंड्रा, शहडोल मार्ग से कानपुर प्रस्थान करेंगे। पूज्य श्री का बिलासपुर टिकरापारा जैन भवन में तीन-चार दिवस में पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। पूज्य श्री 4 ठाणा हैं। इसमें पूज्य सतीश मुनि महाराज, पूज्य सुकल मुनि महाराज, पूज्य श्री आदित्य मुनि महाराज, पूज्य रमन मुनि महाराज शामिल हैं। उनके आगमन को लेकर दशा श्रीमाली स्थानकवासी जैन संघ के अध्यक्ष भगवान दास सुतारिया, सचिव गोपाल वेलाणी, हितेंद्र सुतारिया ने सभी पूज्य गुरुदेव के दर्शन करने एवं बिलासपुर आने अनुरोध करने आज पहुंचे थे। वहां पहुंचकर पूज्य गुरुदेव का आशीर्वाद ग्रहण किया। गुरुदेव के आगे की रूपरेखा की जानकारी ली। पूज्य गुरुदेव ने बिलासपुर आने का आश्वासन दिया है।

## निकासी के लिए नाली नहीं घरों के पीछे गंदगी का ढेर

# सिविल लाइन थाना के पीछे गंदगी के बीच जर्जर मकान में रह रहे पुलिसकर्मियों के परिजन

हरिभूमि न्यूज/बिलासपुर

आमजनता की सुरक्षा का बीड़ा उठाने वाले पुलिसकर्मी बजबजाती गंदगी और जर्जर हो चुके मकान में रहने को मजबूर हैं। मकान इतने जर्जर हो चुके हैं कि कभी भी भरभराकर गिर सकते हैं। ड्यूटी के दौरान पुलिसकर्मियों को परिवार की हमेशा चिंता सताती रहती है। पुलिसकर्मियों के परिजन जान जोखिम में डालकर रहने को मजबूर हैं।

सिविल लाइन थाने के पीछे स्टाफ के रहने के लिए दो मंजिला 16 मकान बनाए गए हैं। नियमित देखरेख के अभाव में पुराने हो चुके मकान जर्जर हो चुके हैं। छतों में दरार आ चुकी है और कई मकानों के छज्जे भसकर गिर चुके हैं। मकान की स्थिति को देखते हुए 10 पुलिसकर्मी क्वार्टर छोड़ चुके हैं। वर्तमान में 6 पुलिसकर्मी परिवार के साथ जान जोखिम में डालकर निवास कर रहे हैं। पुलिसकर्मियों को सबसे ज्यादा परेशानी बारिश के मौसम में होती है। छत में दरार होने के कारण बारिश का पानी कमरे में बहता रहता है, पुलिसकर्मी छत में पन्नी लगाकर रहने को मजबूर हैं। ड्यूटी के दौरान उन्हें परिवार



की चिंता सताती रहती है।

पुलिस क्वार्टर के पीछे घरों से निकलने वाले पानी के बहाव के लिए नाली का निर्माण कराया गया है, लेकिन इसकी नियमित सफाई नहीं की जाती है। जिसके कारण घर से निकलने वाला गंदा पानी क्वार्टर के पीछे भरा रहता है। इन बजबजाती नालियों के कारण घरों में संक्रमण फैलने का खतरा मंडरा रहा है।

#### पेयजल की व्यवस्था नहीं

पुलिसकर्मियों के लिए बनाए गए क्वार्टर में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। यहां के निवासी पेयजल के लिए दूसरों पर आश्रित हैं। पुलिसकर्मियों ने बताया कि शासन ने मकान देकर हमें बेसहारा छोड़ दिया है। पेयजल के लिए उन्हें रोजाना क्वार्टर के पीछे स्थित मंगल भवन से पानी लेकर गुजर बसर करना पड़ रहा है।

#### सभी थानों के पुलिस क्वार्टरों की हालत बदतर

शहर के सिटी कोतवाली, सरकण्डा, तोरवा थाना में भी पुलिसकर्मियों के लिए क्वार्टर उपलब्ध कराया गया है, किन्तु देखरेख के अभाव में सभी मकान जर्जर हो चुके हैं। किसी तरह जुगाड़ लगाकर पुलिसकर्मी जर्जर मकानों में परिवार के साथ रहने को मजबूर हैं।

#### बजट के लिए प्रस्ताव भेजा गया है

थानों पीछे जर्जर मकान को तोड़कर नए क्वार्टर बनाने के लिए प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा गया है। मकानों को तोड़ने के लिए सर्वे कर लिया गया है, किन्तु बजट पास नहीं हुआ है। बजट पास होने के बाद जर्जर मकानों को तोड़कर नया क्वार्टर बनाया जाएगा।

भूपेन्द्र गुप्ता आरआई

### अब एक बार फिर 28 फरवरी तक दिया गया सत्यापन का अवसर

# जिले में 52 हजार राशन कार्ड होंगे बोगस, आबंटन भी नहीं मिलेगा, साल भर से हैं गायब

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ में 4 लाख 11 हजार 452 राशनकार्डधारी ऐसे हैं, जिन्होंने खाद्य विभाग की चेतावनी के बावजूद केवाईसी नहीं कराया। इनमें से बिलासपुर में 51 हजार 820 और रायपुर में 62 हजार लोग शामिल हैं। अब इन राशनकार्डों को ब्लॉक करने की तैयारी की जा रही है और इन कार्डधारियों के लिए चावल का आवंटन भी नहीं होगा। खाद्य विभाग ने कहा है कि इनका आबंटन भी नहीं आएगा। हालांकि प्रदेश भर में उठी मांग के बाद 28 फरवरी तक का अंतिम समय इसके लिए दिया गया है।

खाद्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार, बिलासपुर में कुल 5 लाख 34 हजार 929 राशन कार्ड हैं, जिनमें से 51 हजार 820 लोगों ने सत्यापन



नहीं कराया है। रायपुर में कुल 6 लाख 1 हजार 735 राशनकार्डधारियों में से 62 हजार 966 का कोई अता-पता नहीं है। ज्ञात हो कि प्रदेश में पिछले करीब साल भर से राशनकार्ड का सत्यापन चल रहा है, लेकिन 4 लाख 11 हजार 452 कार्डधारियों ने बार-बार अपील करने के बावजूद सत्यापन नहीं कराया।

#### बोगस हो सकते हैं राशन कार्ड

खाद्य विभाग के अनुसार, जिन लोगों ने सत्यापन नहीं कराया, यदि ऐसे कार्डधारी खाद्यान्न लेने पहुंचते हैं, तो उन्हें अपनी जानकारी विभाग को देनी होगी, जिसमें आधार कार्ड और एड्रेस प्रूफ मांगा जा सकता है। विभाग को आशंका है कि ये राशनकार्ड बोगस हो सकते हैं। अधिकारियों का कहना है कि एक बार कार्ड ब्लॉक होने के बाद सत्यापन नहीं करने पर राशनकार्ड शुरू नहीं होगा। सत्यापन की स्थिति शहरी क्षेत्र की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर है। नगरीय निकायों में 79.19% आवेदन प्राप्त हुए हैं, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में 93% सत्यापन किया जा चुका है। राशनकार्ड नवीनीकरण के लिए प्रचार-प्रसार और मुनादी कराई जा रही है, फिर भी लाखों परिवारों ने नवीनीकरण के लिए आवेदन नहीं किया है।

#### पांच बार बढ़ाई गई अंतिम तिथि

आंकड़ों की बात करें तो अब तक प्रदेश में 94.69% और बिलासपुर में 90.35% कार्डधारियों ने सत्यापन कराया है। शासन ने सत्यापन कराने की अवधि को पांच बार बढ़ाया, फिर भी कई कार्डधारियों ने सत्यापन नहीं कराया, इसलिए उन्हें अपात्र माना जाएगा और उनके राशनकार्ड रद्द करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। ध्यान रहे कि प्रदेश में कुल 76 लाख 83 हजार 426 राशनकार्डधारी हैं, जिनमें से 71 लाख 1 हजार 332 के कार्ड प्रिंट हो चुके हैं। सत्यापन की प्रक्रिया राशन दुकानों और ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से चल रही है, जबकि नए राशनकार्ड नगरीय निकायों से वितरित किए जा रहे हैं।

#### टॉप टेन जिले, जहां सबसे कम हुआ सत्यापन

| जिला | आवेदन | प्रतिशत (%) | नहीं हुआ सत्यापन |
|---|---|---|---|
| बिलासपुर | 534,929 | 90.35 | 51,820 |
| रायपुर | 601,735 | 89.45 | 62,966 |
| सारंगढ़-बिलाईगढ़ | 210,667 | 91.99 | 16,877 |
| दुर्ग | 467,093 | 87.24 | 59,803 |
| सरगुजा | 280,541 | 90.38 | 26,755 |
| सक्ती | 227,163 | 93.88 | 20,526 |
| जीपीएम | 110,571 | 91.84 | 14,558 |
| बेमेतरा | 264,888 | 95.29 | 12,729 |
| कोरबा | 336,514 | 93.88 | 20,526 |
| रायगढ़ | 323,817 | 98.82 | 10,304 |

#### पांच बार बढ़ाई गई है अवधि

शासन ने सत्यापन कराने की अवधि पांच बार बढ़ाई है, फिर भी कई कार्डधारियों ने सत्यापन नहीं कराया, इसलिए उन्हें अपात्र माना जाएगा और उनके राशनकार्ड रद्द करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। शासन ने 28 फरवरी तक इसके लिए फिलहाल अंतिम तिथि बढ़ाई है।

- **अनुराग सिंह भदौरिया**, खाद्य नियंत्रक

16- FEB- BSP- P-3 ZIN_Layout 1 2/16/2025 11:56 PM Page 1

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, सोमवार 17 फरवरी 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



**एजुकेशन अपडेट**

## नीट एमडीएस की परीक्षा के लिए आवेदन कल से

**बिलासपुर।** नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज ने आधिकारिक रूप से नीट एमडीएस परीक्षा की तारीख की घोषणा कर दी है,यह परीक्षा 19 अप्रैल को आयोजित की जाएगी। उम्मीदवार 18 फरवरी से 10 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं। परीक्षा से संबंधित विस्तृत जानकारी और सूचना बुलेटिन जल्द ही आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध होगा। बता दें,कि परीक्षा की नई तिथि की घोषणा महीनों की अनिश्चितता के बाद आई है। इससे पहले 27 नवंबर को एक परीक्षा कैलेंडर जारी किया था, जिसमें 31 जनवरी को परीक्षा होना बताया गया था, हालांकि, पंजीकरण प्रक्रिया शुरू नहीं हुई, जिससे उम्मीदवारों के बीच असमंजस की स्थिति अभी भी बनी है। पिछले वर्ष नीट एमडीएस परीक्षा 18 मार्च को आयोजित की गई थी और इंटर्नशिप पूरा करने की अंतिम तिथि 31 मार्च थी, जिसे बाद में 30 जून तक बढ़ा दिया गया था। इस वर्ष परीक्षा एक महीने की देरी से हो रही है और इंटर्नशिप पूरा करने की अंतिम तिथि की अभी तक पुष्टि नहीं हुई है।



**समारोह**

## सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेलकूद के विजेता बच्चों को पुरस्कार वितरित



**बिलासपुर।** शासकीय प्राथमिक पाठशाला में एक समारोह का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि कथक नृत्यांगना मधु शर्मा ने सांस्कृतिक कार्यक्रम व खेलकूद के विजेता छात्र-छात्राओं को मेडल और पुरस्कार प्रदान किया। प्रधानपाठक गनियारी मनहरण लाल कैवर्त ने बताया कि 26 जनवरी को स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम व खेलकूद का आयोजन किया गया था। जिसमें संस्था के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर मनमोहक प्रस्तुति दी थी। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती शर्मा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से छात्र-छात्राओं का सर्वांगीण विकास होता है और उनमें आगे पढ़ने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम में लगभग 30 छात्र-छात्राओं को मेडल और पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर शिक्षक पुरुषोत्तम कुमार चंद्रा, बहादुर सिंह पोर्ते, महेंद्र कश्यप, रसोइया सुनीता शाहिद सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

> शासकीय प्राथमिक पाठशाला का आयोजन

**आयोजन**

## यज्ञ में वेद मंत्रों से दी गई आहुतियां भक्तिमय गीत गाए गए



**बिलासपुर।** आर्य समाज वसुंधरा विहार बहतराई रोड में यज्ञ का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य यजमान के रूप में राम चावला ने अपने जन्मदिन पर परिवार सहित यज्ञ में भाग लिया। आचार्य जयदेव शास्त्री ने वेद मंत्रों से आहुतियां दिलवाई। आर्य समाज के अध्यक्ष आर्य रूपलाल चावला ने बधाई गीत गाया। बहन संध्या शर्मा ने ईश्वर भक्ति पर गीत पेश किया।

आचार्यजी ने कहा कि आने वाली पीढ़ी पश्चिमी सभ्यता का अंधा अनुकरण कर रही है। अपनी संस्कृति और सभ्यता को छोड़ते जा रहे हैं। भारत में यह युक्तियुक्त सही नहीं है। हमें जन्मदिन यज्ञ, हवन या वृक्षारोपण कर मनाना चाहिए। जिससे परोपकार की भावना जागृत हो सके। उन्होंने बताया कि पश्चिमी सभ्यता का अनुकरण विज्ञान रहित होता है और भारतीय परंपराएं भारतीय संस्कृति, सभ्यता विज्ञान से युक्त है। हमारे यहां विवाह संस्कार 16 संस्कारों में से एक है जो कि सनातन परंपरा अनुसार विधि-विधान से होता है। सातों जन्म साथ रहने का संकल्प युक्त बंधन में बंधते हैं। अपनी संस्कृति, सभ्यता को कभी नहीं छोड़ना चाहिए। भारतीय संस्कृति, सभ्यता को सारी दुनिया में सबसे श्रेष्ठ बताया गया है। अंत में उन्होंने अपने बच्चों का जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ केक न काट करके हवन कर मनाने का संकल्प कराया। कार्यक्रम में अरविंद गर्ग, हीरा चंद्रा, दुःखभंजन जायसवाल, सत्यकाम गुप्ता, अशोक वर्मा, भागी जगवानी, कमल प्रकाश गुप्ता, जितेंद्र पटेल, विक्की केंवट, देव यादव, विधि बत्रा , कौशल्या चावला सपरिवार शामिल हुए। सत्संग में आए हुए सभी भाई और बहनों का निःशुल्क रक्त परीक्षण कराया गया। शिविर में डॉ प्रेमांकुर गुप्ता ने निःशुल्क सेवाएं दी। आर्य समाज के अध्यक्ष रूपलाल चावला ने बताया कि आर्य समाज का मुख्य उद्देश्य शारीरिक, आत्मिक और सामाजिक उन्नति करना है।



# 108 कलश से भगवान का जलाभिषेक, सामूहिक कुमकुम पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोदंडरामा व श्री कल्याण व्यंकटेश मंदिर में 6 दिवसीय ब्रहमोत्सव मनाया जा रहा है, दूसरे दिन रविवार को सुबह तोरण पूजा हुई, इसके पश्चात ध्वज कुंभ की पूजा-अर्चना की गई और उत्सववंगा हवन हुआ, मंदिर में हवन कुंड बनाए गए हैं, जिनमें तिरूपति से आए आचार्यों ने हवन कराया। 108 कलश से भगवान को जलाभिषेक कराया गया, जिसके बाद प्रसाद वितरण हुआ। 4 बजे से सामूहिक कुमकुम पूजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाज की महिलाओं ने पूजा की। शाम 6 बजे से विष्णु साहस्त्रनाम पाठ, चतुष्टनार्चन,लघु पूर्णाहूति करने के बाद प्रसाद वितरण किया गया। यह उत्सव 19 फरवरी तक चलेगा, जिसमे कई कार्यक्रम होंगे। मंदिर में हर साल अद्योत्सव मनाया जाता है, इस साल भी आयोजन किया जा रहा है।

अध्यक्ष आरवी स्वामी ने बताया कि शनिवार को भगवान का अभिषेक हुआ। इसके बाद भक्तों के पूजा-अर्चना के लिए मंदिर का पट खोल दिया गया। कार्यकारी अध्यक्ष विपिन पटनायक, सचिव एस. साई भास्कर, कोषाध्यक्ष पी. धर्मा राव, ई. सिम्हाचलम, जी. रवि कुमार सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।



### आज होगा सीता-राम विवाह

17 फरवरी को सीता-राम का विवाह कराया जाएगा। 18 फरवरी को बालाजी का देवी पद्मावती के साथ विवाह कराया जाएगा। शाम को बालाजी नगर भ्रमण पर निकलेंगे। ब्रह्मोत्सव का समापन 19 फरवरी को होगा। इस दिन सुबह 5 बजे सुप्रभात सेवा, ध्वज कुंभ और महा पूर्णाहुति होगी।

# हनुमंत कथा : निकाली गई बाजे-गाजे के साथ भव्य कलश यात्रा

**बिलासपुर।** लखीराम आडिटोरियम में आयोजित श्री हनुमंत कथा एवं लोक मंगल दिव्य दरबार के शुभारंभ पर बाजे-गाजे के साथ एक भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इसमें शहर की महिलाओं, युवतियों ने पीले कलर की साड़ी में भाग लिया। कलश यात्रा शहर भ्रमण कर कथा स्थल पहुंच कर समाप्त हुई।

कलश यात्रा के बाद कथा वाचक पं. आदर्श कृष्ण शास्त्री सगमा सतना ने श्री हनुमंत कथा का वाचन किया और बताया कि अंजनी पुत्र हनुमान भगवान श्रीराम की सेवा करने के लिए हनुमान के अवतार में आए। भगवान शंकर अपने रूप से इस सेवा का आनंद नहीं ले सकते थे, इसलिए उन्होंने अपने 11 वें रुद्र रूप को वानर के रूप में अवतरित किया। उन्होंने बताया कि सभी लोकपालों ने हनुमा- को अमरता और अग्नि-जल-वायु से सुरक्षित रहने की वरदान दिया था। चंचल हनुमान, ऋषियों के आश्रमों में वृक्षों को आसानी से तोड़ देते थे। इससे नाराज ऋषियों ने उन्हें श्राप दिया था कि जब कोई तुम्हें याद करेगा, तब ही तुम्हें अपनी शक्ति की अहमियत समझ में आएगी।

इसके बाद से हनुमानजी एक साधारण वानर की तरह रहने लगे। माता के आदेश पर वे सूर्य नारायण के पास गए और वेद-वेदांग और अन्य शास्त्रों का अध्ययन किया। उन्होंने अध्ययन के समय वेदों और पुराणों में श्रीराम की कथा को भी पढ़ा था। अंत में प्रसाद का वितरण किया गया। सोमवार 17 फरवरी को दिव्य दरबार लगाया जाएगा।

### जाम्बवन्त ने कराया बल का स्मरण

कथावाचक ने बताया कि जब वानर सेना को सौ योजना समुंदर पार करने का काम आया, तो जाम्बवन्त ने हनुमान से उनके अत्यधिक बल का स्मरण दिलाया और कहा कि उनका अवतार खुद भगवान श्रीराम के कार्य को पूरा करने के लिए हुआ है, तब वे अपनी अपार शक्ति का आभास कर उठ खड़े हो गए।



आज सजेगा लोक मंगल दिव्य दरबार

महिलाओं, युवतियों ने पीत वस्त्र में निभाई सहभागिता



### माया के बंधनों से थे अलग

कथा में बताया गया कि श्री हनुमान भगवान जन्म से ही माया के बंधनों से पूरी तरह अलग थे। वे हमेशा अपने स्वामी, श्रीराम के ध्यान में लगे रहते थे। एक दिन श्रीराम रावण द्वारा सीताजी के अपहरण के समाचार से विचलित हो गए। उन्होंने सीताजी को ढूंढ़ने का निश्चय किया और ऋष्यमूक पर्वत के पास पहुंचे। पवन पुत्र की प्रार्थना से भगवान ने सुग्रीव से मित्रता की और बालि को पराजित कर सुग्रीव को किष्किन्धा का राज्य पुनः प्राप्त करने का मौका दिया।

### श्रृंगार आयुषी ने कराया, बांटे गए चने का प्रसाद



तिलक नगर स्थित श्रीराम मंदिर में रविवार को संकष्टी चतुर्थी अभिषेक किया गया। इसमें कुल 616 भक्तों ने अभिषेक कराया। आज का श्रृंगार आयुषी चंदेल ने कराया।

**बिलासपुर।** आगामी संकष्टी चतुर्थी अभिषेक 17 मार्च सोमवार को होगा। पूजा, अभिषेक कार्यक्रम आचार्य मधुसूदन अडवे, उदय वारे, मनोज दिघ्रस्कर, चिन्मय चिंचोलकर के सानिध्य में संपन्न हुआ। अंत में सामान्यतः सभी भक्तों को चने का प्रसाद दिया गया। जिन भक्तों ने अभिषेक हेतु रसीद कटवाए थे उनके लिए प्रसाद व्यवस्था पूर्ववत रहा।

# संकष्टी चतुर्थी पर 616 भक्तों ने कराया अभिषेक



**महाशिवरात्रि पर होगा जप :** श्रीराम मंदिर में महाशिवरात्रि पर 26 फरवरी को सुबह 8 बजे से ओम नमः शिवाय का जप किया जाएगा। शाम 4 बजे से सामूहिक रूद्राभिषेक होगा। फिर आरती के बाद प्रसाद का वितरण किया जाएगा। इस आयोजन को लेकर श्रद्धालु भक्तों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

**स्पोर्ट्स न्यूज**

# सब जूनियर बेसबॉल प्रतियोगिता में बिलासपुर की टीम विजेता

**बिलासपुर।** 24 सी राज्य स्तरीय सब जूनियर बेसबॉल प्रतियोगिता एवं लिटिल लीग प्रतियोगिता का आयोजन छत्तीसगढ़ स्कूल मैदान में किया गया, जिसमें बालक - बालिका टीम ने सब जूनियर एवं लिटिल लीग मिक्सड प्रतियोगिता में विजेता होने का गौरव प्राप्त किया। बेसबॉल संघ के सचिव अख्तर खान ने बताया कि रविवार को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ बेसबॉल संघ की महासचिव मिताली घोष एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉक्टर श्रेयांश शुक्ला मौजूद थे।

प्रतियोगिता में मेजबान बिलासपुर के अलावा मुंगेली, दंतेवाड़ा, कबीरधाम, कोरबा, रायपुर जिले के खिलाड़ियों ने भाग लिया, प्रतियोगिता के शुभारंभ में मिताली घोष ने खिलाड़ियों को अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी एवं आने वाले राष्ट्रीय सब जूनियर एवं लिटिल लीग प्रतियोगिता जो भुवनेश्वर में आयोजित होगी, उसमें पदक प्राप्त करने के लिए सभी खिलाड़ियों को मेहनत करने के लिए कहा। डॉ श्रेयांश शुक्ला ने खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने साथ में इंजरी से बचने कहा और राष्ट्रीय प्रतियोगिता में जिन खिलाड़ियों का भी चयन होगा उनसे पदक प्राप्त करने के लिए आशीर्वाद दिया। प्रतियोगिता के दौरान निर्णायक की भूमिका में योगेंद्र यादव, आयुष केसरवानी, भावेश, अभय मंडल, राहुल सिंह, शत्रुघ्न एवं स्कोरर नेहा यादव, भूमिका श्रीवास,अनुप्रिया लाल, आस्था भार्गव, पायल साखरे ने किया। आयोजन समिति के परिवेश दीवान, लखन लाल देवांगन, अंकुर रजक, संदीप गाहीरे, हरीश मौर्य, शुभांशु यादव, मौजूद थे। जिसमें साक्षी, महिमा, खुशी, सोनाली, रागनी ने अच्छे खेल का प्रदर्शन किया वही लिटिल लीग प्रतियोगिता का फाइनल मैच बिलासपुर व कोरबा जिला के मध्य खेला गया जिसमें बिलासपुर जिले की टीम ने 11/5 यह मैच जीत लिया। इस तरह तीनों ट्रॉफी बिलासपुर जिले के खाते में आई और ओवरआल चैंपियन का खिताब बिलासपुर जिला को मिला।



### बिलासपुर व दंतेवाड़ा का फाइनल मुकाबला

सब जूनियर बालक वर्ग में पहला मैच बिलासपुर व मुंगेली के मध्य खेला गया जिसमें बिलासपुर के खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए 6-0 से यह मैच जीत लिया। दूसरा मैच दंतेवाड़ा व कबीरधाम के मध्य खेला गया, जिसमें दंतेवाड़ा की टीम ने 2/1 से यह मैच जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में बिलासपुर व दंतेवाड़ा के मध्य मैच खेला गया, जिसमें बिलासपुर ने 3/1 से हराकर खिताब अपने नाम किया। वहीं बालिका वर्ग में बिलासपुर व मुंगेली के मध्य मैच खेला गया जिसमें बिलासपुर की टीम ने 2/00 से हराकर मैच जीता वही दंतेवाड़ा व कोरबा बालिका के मध्य मैच खेला गया। जिसमें दंतेवाड़ा की बालिका टीम ने साथ 7/1 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में बिलासपुर व दंतेवाड़ा का मुकाबला बहुत ही रोमांचक रहा जिसमें बिलासपुर बालिका ने 2/1 से मैच जीत कर विजेता होने का गौरव प्राप्त किया।



## छत्तीसगढ़ की टीम ने गुजरात को हराया

ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज हॉकी प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की पुरुष हॉकी टीम ने दमदार प्रदर्शन करते हुए अपने प्रारंभिक मैच में गुजरात को 12—0 से हराया, आंध्र प्रदेश में चल रही सिविल सर्विसेज ऑल इंडिया हॉकी प्रतियोगिता 28 फरवरी तक आयोजित की जाएगी।

छत्तीसगढ़ की पुरुष हॉकी टीम ने गुजरात को 12-0 से हराकर अपने अगले दौर में पहुंची, टीम अपना अगला मैच उत्तर प्रदेश और राजस्थान से खेलेगी टीम के कोच कश्मीर खालको ने बताया कि अशोक, अभय, विशाल आशुतोष लकड़ा विमल कुमार, राजू राज कुजूर ने टीम के लिए गोल किए। इसमें छत्तीसगढ़ की टीम इस प्रकार है जिसमें बृजेश तुर्की, अभय एक्का, धनीराम यादव, विजय कुमार तिग्गा, विशाल, आशुतोष, विमल लकड़ा, अतुल तिर्की, आशुतोष कुजूर, प्रकाश मेंस, प्रदीप लकड़ा, विजय कुमार, शैलेंद्र इक्का, हेमलाल सिंह सहित अन्य खिलाड़ी शामिल हैं।

16- FEB- BSP- P-4_Layout 1 2/17/2025 12:00 AM Page 1





# जोधा अकबर की ऑस्कर में होगी स्पेशल स्क्रीनिंग

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्टर ऋतिक रोशन और एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय बच्चन साल 2008 में आई फिल्म जोधा अकबर में साथ नजर आए थे। दर्शकों ने इस पीरियड ड्रामा फिल्म को खूब पसंद किया था। भारत में ये फिल्म हिट साबित हुई थी। इस फिल्म को 17 साल पूरे हो गए हैं। अब ऋतिक और ऐश्वर्या की फिल्म को लेकर ऑस्कर ने खास ऐलान किया है। ऑस्कर अवॉर्ड के आयोजक 'एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज' ने इस फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग का ऐलान किया है। आशुतोष गोविरकर के डायरेक्शन में बनी फिल्म जोधा अकबर की मार्च में स्पेशल स्क्रीनिंग होगी।

लाइफ Style

# कृति

## कबीर के साथ बसाने वाली हैं घर

एजेंसी ⏭ मुंबई

अभिनेत्री कृति सेनन इन दिनों अपनी निजी जिंदगी को लेकर खूब चर्चा में हैं। कथित बॉयफ्रेंड कबीर बहिया के साथ उनकी रिलेशनशिप की खबरें अक्सर आती हैं। अब कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि दोनों इस साल शादी की तैयारी कर रहे हैं।

अभिनेत्री कृति सेनन इन दिनों खूब लाइमलाइट में हैं। हालांकि, इसकी वजह उनकी फिल्में और अभिनय कम, बल्कि पर्सनल लाइफ ज्यादा है। काफी वक्त से कृति सेनन अपनी लव लाइफ को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। बिजनेसमैन कबीर बहिया के साथ उनके कथित अफेयर की खबरें सुर्खियों में हैं। अब मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि दोनों इस साल शादी की तैयारी कर रहे हैं। इसके लिए कृति ने कबीर के माता-पिता ने मुलाकात की है। काफी वक्त से कृति सेनन और कबीर के अफेयर की चर्चा है। दोनों को कई मौकों पर साथ देखा जा चुका है। हालांकि, अफेयर की खबरों पर दोनों ने अब तक चुप्पी साधी हुई है। आधिकारिक तौर पर दोनों ने इसकी पुष्टि नहीं की है। लेकिन, अक्सर इन्हें साथ में फेस्टिवल मनाते और पार्टी में शामिल होते देखा जाता है। अब दोनों के जल्द शादी करने को लेकर खबरें हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि कृति और कबीर साल 2025 में शादी रचाने की तैयारी कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि दोनों परिवार से मिलने के लिए दिल्ली गए हैं। कृति और कबीर को हाल ही में एयरपोर्ट पर साथ में देखा गया। इससे पहले हाल ही में कृति और कबीर को बेंगलुरू में एक शादी में साथ देखा गया था। कबीर लंदन बेस्ड बिजनेसमैन हैं।



हॉलीवुड मसाला



# जर्सी पहन दर्शकों को दिया सरप्राइज

**मुंबई।** 'परफेक्ट' और 'शेप ऑफ यू' जैसे हिट गानों के फेमस सिंगर एड शीरन ने 15 फरवरी, शनिवार को गुरुग्राम में लाइव परफॉर्मेंस दी। ये उनके 'द मैथमैटिक्स टूर' का आखिरी कॉन्सर्ट था, जिसका समापन ग्रैंड तरीके से हुआ। इस कॉन्सर्ट के वीडियोज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। शो के आखिरी में एड शीरन ने टीम इंडिया की जर्सी भी पहनी और दर्शकों को उनके प्यार और सपोर्ट के लिए शुक्रिया अदा किया। उन्हें टीम इंडिया की जर्सी पहने देख फैंस खुशी से झूम उठे।



# कान्ये वेस्ट और बियांका नहीं ले रहे तलाक...

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी रैपर कान्ये वेस्ट और बयिांका सेंसोरी की तलाक की खबरें झूठी निकली हैं। कपल की टीम ने बयान जारी करते ही इन अफवाहों का खंडन किया है। साथ ही बताया है कि कपल इस वक्त लॉस एंजिल्स में है। 'बीते कुछ समय में यह पांचवीं या छठी बार है, जब मीडिया में गलत तरीके से इस तरह की अफवाह उड़ी है। बता दें कि इससे पहले 'डेली लाइफ' ने अपनी रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से दावा किया था कि ग्रैमी इवेंट में हुई फजीहत के बाद रैपर और उनकी पत्नी ने अलग होने का फैसला किया है। इसमें रैपर के करीबी दोस्तत के हवाले से कहा गया है कि इस तलाक के लिए बियांका ने 5 मिलियन डॉलर की एलिमनी मांगी है।



# तीन हिंदी फिल्में साइन कर चुकीं हैं मावरा

**मुंबई।** पाकिस्तानी अभिनेत्री मावरा हुसैन की फिल्म 'सनम तेरी कसम' की री-रिलीज को लेकर इन दिनों काफी चर्चा हो रही है। मावरा की फिल्म को पहली रिलीज पर कुछ खास रिस्पॉन्स नहीं मिला था। हालांकि, अब इस फिल्म को फैंस बहुत सराह रहे हैं। बहुत कम लोग जानते हैं कि मावरा ने 'सनम तेरी कसम' फिल्म शूट करने के बाद तीन अन्य हिंदी फिल्में भी साइन की थीं। मावरा ने बताया कि इस फिल्म के बाद उन्होंने फिल्मों में काम करना शुरू कर दिया था। हालांकि, अलग-अलग कारणों से उन्हें इन फिल्मों से पीछे हटना पड़ा था। अभिनेत्री ने इस बारे में खुलकर बात नहीं की। उन्होंने कहा कि फिल्म छोड़ने के बाद वह फिल्म जिन लोगों के हिस्से आती है, फिल्म पर उन्हीं का हक होता है। अभिनेत्री ने 'सनम तेरी कसम 2' फिल्म का हिस्सा बनने को लेकर भी बात की।



# हाथ में तिरंगा लिए दौड़ते आए नजर

**मुंबई।** सोशल मीडिया पर आयुष्मान खुराना का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में उन्हें 'मां तुझे सलाम' गीत गाते हुए और उस पर परफॉर्म करते हुए देखा गया। दरअसल, अभिनेता ने वडोदरा में 'महिला प्रीमियर लीग 2025' की ओपनिंग नाइट पर एक यादगार प्रस्तुति दी। इस दौरान अभिनेता ने 'मां तुझे सलाम' गाने पर प्रदर्शन किया। सामने आए वीडियो में आयुष्मान खुराना हाथ में तिरंगा लेकर मैदान में दौड़ते हुए और एआर रहमान के गाने 'मां तुझे सलाम' गाने पर प्रस्तुति देते हुए दिखाई पड़ रहे हैं। इस दौरान अभिनेता ब्लैक आउटफिट में नजर आएं। अभिनेता आयुष्मान खुराना ने अपनी शानदार प्रस्तुति को भारत की भावना और महिला शक्ति को समर्पित किया। अभिनेता के वर्क फ्रंट की बात करें तो वह अपनी आगामी फिल्म 'थामा' पर काम कर रहे हैं।

टीवी मसाला



# कपिल शर्मा ने भी किया था माता-पिता को लेकर भद्दा कमेंट

**नई दिल्ली।** 'इंडियाज गॉट लैटेंट' में रणवीर इलाहाबादिया के माता-पिता को लेकर आपत्तिजनक बयान ने उन्हें मुश्किलों में डाल दिया है। एक तरफ सोशल मीडिया पर उनका जमकर विरोध हो रहा है। दूसरी ओर वह कानूनी पचड़े में फंसते भी नजर आ रहे हैं। रणवीर और समय रैना के शो को बंद करने की भी अपील की जा रही है। हालांकि, सोशल मीडिया पर इस मामले में दो पक्ष सामने आ रहे हैं। एक वह जो रणवीर और समय का विरोध कर रहे हैं और दूसरे वह जिनका कहना है कि सिर्फ इन्हें ही क्यों टार्गेट किया जा रहा है और भी कई ऐसे शो हैं, जो इस तरह की आपत्तिजनक टिप्पणी कर चुके हैं। इस बीच नेटिजन्स के एक वर्ग ने कपिल शर्मा का एक पुराना वीडियो खोज निकाला है, जिसमें उन्होंने माता-पिता को लेकर आपत्तिजनक संकेत दिया था। रणवीर के आपत्तिजनक बयान मामले के बाद सोशल मीडिया पर कपिल शर्मा के शो से एक क्लिप वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने माता-पिता को लेकर भद्दा कमेंट किया था। सोशल मीडिया पर कई लोगों ने टिप्पणी की कि कैसे यह जोक नेशनल टीवी पर प्रसारित हो गया। सोशल मीडिया पर एक वर्ग ने कपिल के जोक को रणवीर इलाहाबादिया के द्वारा की गई आपत्तिजनक टिप्पणी में समानताएं बताई हैं। कुछ लोगों ने इस साफ तौर पर अश्लील भी कहा है। स्टैंड अप कॉमेडियन और 'इंडियाज गॉट लैटेंट' के होस्ट और निर्माता समय रैना ने शो के सभी एपिसोड यूट्यूब से हटा दिए हैं। विवाद होने के बाद समय ने एक बयान में कहा कि वह जांच में सभी जांच एजेंसियों के साथ पूरा सहयोग करेंगे।

## लड़ो-झगड़ों पर फिर से एक साथ हो जाओ

**नई दिल्ली।** कपिल शर्मा के कॉमेडी शो की जज अर्चना पूरन सिंह फिल्म इंडस्ट्री की उन अभिनेत्रियों में से हैं जो हमेशा ही चर्चा में रहती हैं। अर्चना और



परमीत सेठी की जोड़ी को इंडस्ट्री में 'परफेक्ट कपल' के तौर पर देखा जाता है। दोनों की शादी को 33 साल हो चुके हैं, लेकिन इसी बीच अर्चना ने खुलासा किया उनके और परमीत के बीच काफी लड़ाई होती है। शादी के सवाल पर अर्चना जोर देकर कहती हैं कि कोई भी शादी बिना उतार-चढ़ाव के नहीं होती। उन्होंने कहा, 'जो लोग सोचते हैं कि पति-पत्नी लड़ते नहीं हैं और उनके बीच केवल प्यार होता है, ऐसा नहीं है। हम बहुत लड़ते हैं। तू-तू, मैं-मैं होती है, लेकिन प्यार जो है, वो तू-तू, मैं-मैं को ठीक कर देती है। यही सबसे महत्वपूर्ण बात है। लोग कहते हैं अर्चना परमीत तुम एक परफेक्ट कपल हो, लेकिन कुछ भी परफेक्ट नहीं होता। हमें अपनी शादी में कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। और, इतने सालों से हमारी शादी कायम है, इसका मतलब है कि हमने कुछ सही किया है। लड़ो झगड़ों पर फिर से एक साथ हो जाओ।'

# अमिताभ को सामने देखते ही अक्षय ने छू लिए पैर...

**मुंबई।** महाराष्ट्र ठाणे में आयोजित इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग के दूसरे सीजन का फिनाले एक शानदार और सितारों से सजा आयोजन रहा। बॉलीवुड के दिग्गज एक्टर अमिताभ बच्चन, सुपरस्टार अक्षय कुमार और क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर की मौजूदगी ने इस आयोजन को और खास बना दिया। सोशल मीडिया पर इन सितारों की तस्वीरें और वीडियो तेजी से वायरल हो रहे हैं। एक वीडियो में अक्षय और अमिताभ बच्चन के बीच खास रिश्ता नजर आ रहा है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें अमिताभ बच्चन को सामने देखते ही अक्षय कुमार उनके पैर छूने लगते हैं। बाद में दोनों एक- दूसरे को गले लगाते हैं और बातचीत करते हुए आगे बढ़ जाते हैं। इस वीडियो को खूब प्यार मिल रहा है। एक्टर की तारीफ हो रही है।



अक्षय और अमिताभ वक्त, एक रिश्ता जैसी फिल्मों में पिता-बेटे के किरदार में नजर आए थे। अमिताभ बच्चन को वीआईपी स्टैंड में सचिन तेंदुलकर के साथ बातचीत करते हुए देखा गया, जहां वह मजी मुंबई टीम को सपोर्ट कर रहे थे।

# बेड पर लेटकर किया डायरेक्शन, बंद हुई शूटिंग तो हीरो ने किया बजट का जुगाड़

*नई दिल्ली। सुपरस्टार आमिर खान की 'लगान' इंडियन सिनेमा की सबसे यादगार फिल्मों में से एक है। इसका डायरेक्शन आशुतोष गोवारिकर ने किया था। रिलीज के बाद फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बड़ी सफल साबित हुई थी। आमिर खान की 'लगान' के लिए अपूर्व लखिया ने बतौर असिस्टेंट डायरेक्टर काम किया था। हाल ही में उन्होंने इस फिल्म की शूटिंग के दौरान का किस्सा याद किया। उन्होंने बताया कि स्लिप डिस्क की समस्या की वजह से आशुतोष गोवारिकर ने बेड पर लेटकर 'लगान' का डायरेक्शन किया था। एक इंटरव्यू के दौरान अपूर्व लखिया ने फिल्म 'लगान' को लेकर खुलकर बात की। उन्होंने बताया, 'जब आमिर बोर हो जाते थे, तो वे गुजरात भर से शतरंज के चैंपियन्स को शूटिंग पर बुलाते थे और ब्रेक के दौरान उनके साथ खेलते थे। वहां चारों ओर ताश के खेल भी चलते रहते थे। लोगों को खुद का मनोरंजन करना ही पड़ता था, है ना?' अपूर्वा ने उस समय का भी जिक्र किया जब अशुतोष गोवारिकर स्लिप डिस्क की समस्या के कारण बेड पर लेटकर 'लगान' डायरेक्ट कर रहे थे।*

## रिलीज के बाद फिल्म ने जीते थे 8 नेशनल अवॉर्ड

*आशुतोष ने बेड पर लेट किया डायरेक्शन :* उन्होंने कहा, 'अगर आप तस्वीरें देखेंगे, तो मैं आशुतोष गोवारिकर के बगल में बैठा था माइक के साथ। जो आशुतोष बोलते थे, उसे मैं माइक पर अनाउंस करता था। अशुतोष की मेडिकल इमरजेंसी के दौरान हम बड़े पैमाने पर शॉट्स ले रहे थे। चूंकि हम ऐसे सीन्स शूट नहीं कर रहे थे, जिनमें उन्हें जाकर सीधे एक्टर्स से बातचीत करनी पड़े। इसलिए हम उस मुश्किल से बच गए। लेकिन हां, इसमें हमारी योजना से थोड़ा ज्यादा समय लग गया।'



***220 दिनों का बढ़ गया था शूटिंग शेड्यूल :*** शूटिंग शेड्यूल के बारे में बात करते हुए अपूर्वा ने बताया कि 'लगान' जैसी फिल्म एक बार ही बनती है। उन्होंने कहा, 'हमने 80 दिनों का शेड्यूल बनाया था, लेकिन 300 दिनों तक शूटिंग चली। इसके कई कारण थे, जैसे बजट की समस्याएं भी शामिल थीं। दो दिन शूटिंग बंद हो गई थी। इस बीच आमिर ने फंड की व्यवस्था की। फिर सेट पर एक जानवर की मौत हो गई और मेनका गांधी की टीम शूटिंग रोकने के लिए आ गई। हमने बहुत ठंडे मौसम में शूटिंग शुरू की और बहुत गर्म मौसम में भी जारी रखी थी।'

***56 डिग्री तापमान में की थी गाने की शूटिंग:*** अपूर्व लखिया ने यह भी खुलासा किया कि आमिर और ग्रेसी सिंह के गाने 'ओ रे छोरी' को 56 डिग्री सेल्सियस तापमान में शूट किया गया था। उन्होंने कहा, 'हम केवल सुबह 6 बजे से 10 बजे तक और शाम 4.30 से 6.30 बजे तक शूट कर सकते थे।

## हिंदी पट्टी के दर्शक डबिंग आर्टिस्ट की मदद से साउथ की फिल्मों का उठाते हैं मजा

# एक्टर्स की हूबहू नकल करते हैं ये डबिंग आर्टिस्ट, लगते हैं असली

*नई दिल्ली। बॉलीवुड सिनेमा को इस वक्त साउथ की फिल्में जोरदार टक्कर दे रही हैं। पहले जहां हिंदी सिनेमा में साउथ की फिल्मों की कहानी को ज्यों का त्यों रीमेक कर दिया जाता था, वहीं अब हिंदी पट्टी के दर्शक डबिंग और मिमिक्री आर्टिस्ट की मदद से साउथ की फिल्मों का उसी फील और परफेक्शन के साथ मजा उठा पा रहे हैं। तो चलिए जानते हैं भारत के कुछ कमाल के डबिंग आर्टिस्ट के बारे में जो साउथ एक्टर्स की आवाज के लिए डबिंग तो करते ही हैं, लेकिन साथ ही साथ बॉलीवुड के तमाम कलाकारों की भी हूबहू नकल उतार देते हैं।*



**चेतन शशितल :** चेतन शशि डबिंग की दुनिया का जाना-माना नाम हैं। उन्हें लोग 'बिग सी' के नाम से भी जानते हैं। यह नाम भी चेतन को उनके डबिंग टैलेंट की वजह से मिला है। शशि अमिताभ बच्चन की हूबहू नकल उतार देते हैं कि फर्क करना मुश्किल हो जाता है। इसके अलावा वह अमरीश पुरी, धर्मेंद्र, दिलीप कुमार और शत्रुघ्न सिन्हा की भी हूबहू मिमिक्री कर देते हैं।



**राजेश खट्टर :** बॉलीवुड फिल्मों में बतौर एक्टर काम कर चुके ईशान खट्टर के पिता राजेश खट्टर डबिंग के भी एक्सपर्ट हैं। राजेश खट्टर ने कई हॉलीवुड एक्टर्स के लिए डबिंग की है और अमिताभ बच्चन की आवाज की हूबहू डबिंग करते हैं।



**शरद केलकर :** एक्टर शरद केलकर एक कमाल के एक्टर होने के साथ-साथ एक गजब के डबिंग आर्टिस्ट भी हैं। शरद केलकर ने देश की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक बाहुबली और बाहुबली-2 के लिए प्रभास के किरदार को आवाज दी है।



**मनोज पांडे :** डबिंग की दुनिया के बेताज बादशाह मनोज पांडे मनोज पांडे ने बाहुबली फिल्म सीरीज के किरदार भल्लालदेव को आवाज दी थी। इसके अलावा वो कई बॉलीवुड एक्टर्स की आवाज भी हूबहू मिमिक्री कर देते हैं।



**संकेत म्हात्रे :** डबिंग की दुनिया में संकेत म्हात्रे भी काफी मशहूर चेहरा हैं। संकेत नाना पाटेकर से लेकर संजय दत्त और अमिताभ बच्चन की हूबहू नकल तो करते ही हैं, लेकिन इन बॉलीवुड कलाकारों के साथ-साथ उन्होंने तमाम हॉलीवुड किरदारों के लिए भी अपनी आवाज दी है।

**समय राज ठक्कर :** साउथ के सुपरस्टार्स की आवाज डब करने के मामले में समय राज ठक्कर का नाम सबसे ऊपर आता है। समय रजनीकांत और कमल हासन जैसे एक्टर्स की आवाज हिंदी में डब करते हैं, लेकिन वो उनकी ऑरिजनल वाइस को भी हूबहू कॉपी कर देते हैं।





**निनात कामत :** मार्वल फिल्मों के अभी तक के सबसे बड़े विलेन थैनोस की आवाज हिंदी में डब करने वाले एक्टर निनाद कामत कई बॉलीवुड एक्टर्स की आवाज भी हूबहू कॉपी कर लेते हैं। निनाद ने अनिल कपूर से लेकर संजय दत्त और अमिताभ बच्चन तक की आवाज हूबहू कॉपी कर लेते हैं।

16-FEB-BILASPUR-REGNOL-pg-5-COMMAN_Layout 1 2/16/2025 11:14 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### भागवत कथा के चौथे दिन उमड़ी भक्तों की भीड़



**बोदरी।** जय श्रीराम मटियारी धाम में चल रही भागवत कथा के चौथे दिन में भारी संख्या में भीड़ उमड़ी। चतुर्भुज धाम में पहली बार हजारों हजारों की संख्या मैं भक्तों का सैलाब उमड़ा, मुख्य रूप से समुद्र मंथन की कथा, राम जन्म एवं कृष्ण जन्म की कथा कही गई। आयोजक एवं प्रेरणा स्त्रोत बाल योगी बाल ब्रह्मचारी संत राम शिरोमणि दास जी महाराज ने संगम की महिमा बताते हुए प्रयागराज कुंभ एवं चतुर्भुजी धाम की भी महिमा बताई। कथा में राधेश्याम पटेल, गुलाब सिंह पटेल, हीरामन पटेल,सुरेश पटेल, सन पटेल एवं मंदिर के पुजारी अमृतलाल दुबे सहित कई गांवों के भक्त उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के रूप में हजारीलाल भारद्वाज उपस्थित रहे।

### साढ़े आठ लाख का गांजा परिवहन करते आरोपी को गिरफ्तार



**लोरमी।** महिन्द्रा एक्सयूवी कार से गांजे का परिवहन करते आरोपी को पुलिस ने कोतरी नाला के पास गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक्सयूवी कार सहित 86.250 किलो गांजा बरामद कर लिया। मुखबीर से सूचना मिला की 2 व्यक्ति महिन्द्रा एक्सयूवी कार सीजी 12 एएफ 3456 में भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर ग्राम कुधुरताल लालपुर से खेकतरा पलाट आने वाले हैं। सूचना पर पुलिस ने कोतरी नाला के पास घेराबंदी कर महिन्द्रा एक्सयुवी कार को रोककर गाड़ी में बैठे लोगों से पूछताछ कर तलाशी ली। तलाशी के दौरान पुलिस ने गाड़ी से 3 बोरी में रखा 86.250 किलो अवैध गांजा बरामद कर लिया, उक्त गांजे की कीमत 8 लाख 50 हजार बताई जा रही है। साथ ही पुलिस ने गांजे के परिवहन में प्रयुक्त एक्सयूवी कार कीमती 15 लाख को जब्त कर आरोपी राजू साहू पिता सालिकराम साहू उम्र 32 साल एवं एक आपचारी बालक को हिरासत में लिया। पुलिस ने मामले पर कार्रवाई करते हुए एनडीपीएस एक्ट की धारा धारा 20 (बी) के तहत कार्रवाई करते हुए आरोपी राजू साहू को गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमाण्ड पर भेज दिया एवं आपचारी बालक का अभिरंक्षा फार्म भरकर किशोर न्याय बोर्ड मुंगेली पेश किया गया।

### मारपीट व दुष्कर्म के आरोपी को आजीवन कारावास




**पेंड्रा।** रात के सन्नाटे में शहर के बीचों बीच एक युवती को अकेली पाकर उसके साथ मारपीट कर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को एडीजे कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। पूरा मामला पेंड्रा के आजाद चौक का है जहां 30 अप्रेल 2022 को यहां रहने वाली एक युवती अपने घर के आंगन में रात को करीब एक बजे खड़ी थी, इसी दौरान आरोपी डबला उर्फ ओमप्रकाश बर्मन पिता पुनऊ बर्मन वहां पहुंचा एवं युवती के उपर हमला कर दिया। इसके बाद आरोपी ने युवती का मुंह बंद कर घसीटते हुए घर के भीतर ले गया एवं बुरी तरह से मारपीट कर उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। बलात्कार के बाद आरोपी ने चुनरी से गला दबाकर युवती की हत्या की कोशिश की। पीड़िता किसी तरह से जान बचाकर भागी और परिवार वालों को घटना की सूचना दी। घटना की शिकायत थाने में की गई जिस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 376, 323 के तहत अपराध दर्ज किया। पुलिस ने 11 मई 2022 को डबला उर्फ ओमप्रकाश बर्मन गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इस मामले की सुनवाई में आरोपी पर दोष सिद्ध पाया गया एवं केस का फैसला सुनाते हुए अपर सत्र न्यायाधीश पेंड्रारोड ने आरोपी ओमप्रकाश बर्मन उर्फ डबला को आईपीसी की धारा 376 के तहत आजीवन कारावास एवं एक हजार रूपएका अर्थदंड तथा धारा 323 के तहत एक माह के सश्रम कारावास की सजा और 500 रूपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है। ये दोनों सजाएं एक साथ चलेंगी। इस मामले में शासन की ओर से पैरवी अतिरिक्त लोक अभियोजक कौशल सिंह ने की।

## निधन

### राजपाल सिंग राजपूत



**बिलासपुर।** चंदेला नगर एमआईजी बी - 45 निवासी राजपाल सिंग राजपूत का 16 फरवरी को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 17 फरवरी को सुबह 9 बजे उनके निवास से भारतीय नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे राजीव राजपूत के पिता थे।

### दुर्गा बाई गुप्ता



**बिलासपुर।** अशोक विहार फेस 2 चांटीडीह निवासी दुर्गा बाई गुप्ता का निधन 16 फरवरी को हो गया । उनकी अंतिम यात्रा 17 फरवरी सुबह 11 बजे उनके निवास से सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे बच्छराज गुप्ता की पत्नी, राज किशोर, कमल किशोर, नवल किशोर गुप्ता की मां थीं।

### गुरुचरण कौर खुराना



**बिलासपुर।** जेकब चाल अग्रसेन चौक लिंक रोड निवासी सरदारनी गुरुचरण कौर खुराना पत्नी स्व. सरदार दर्शन सिंह खुराना का 16 फरवरी को स्वर्गवास हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 17 फरवरी को सुबह 10.30 बजे उनके निवास से सरकंडा मुक्तिधाम के लिए जाएगी। वे सरदार संजय सिंह खुराना और बलबीर कौर गुंबर की मां थीं।

### मतदान दलों को सामग्री वितरण कर किया गया रवाना

# त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव के लिए प्रथम चरण का मतदान आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन का प्रथम चरण का चुनाव 17 फरवरी को सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक संपन्न होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल देव और पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के मार्गदर्शन में मुंगेली जनपद पंचायत क्षेत्र के सभी 124 पंचायतों के 351 मतदान केंद्रों में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन हेतु सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। इन सभी मतदान केंद्रों में चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराने के लिए जिला मुख्यालय स्थित शासकीय एसएनजी महाविद्यालय से मतदान दलों को सामग्री वितरण कर रवाना किया गया। महाविद्यालय परिसर में मतदान सामग्री वितरण के लिए रिजर्व सहित कुल 21 काउंटर बनाए गए थे, जहां अलग-अलग मतदान केंद्रों के लिए पीठासीन अधिकारियों को मतदान केन्द्र संबंधित आवश्यक प्रपत्र प्रदान किया गया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान सामग्री वितरण करने के बाद महाविद्यालय परिसर से मतदान दलों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने मतदान दलों को निर्वाचन आयोग के दिशानिर्देशों का पालन करते हुए निर्वाचन कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक, राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक रामप्रसाद चौहान, अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय, उप जिला निर्वाचन अधिकारी मेनका प्रधान, मुंगेली एसडीएम पार्वती पटेल, डिप्टी कलेक्टर अजय शतरंज सहित सभी अधिकारी मौजूद रहे। गौरतलब है कि मुंगेली जनपद क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों तक पहुंचने के लिए कुल 92 रूट बनाए गए हैं और पर्याप्त संख्या में वाहनों की व्यवस्था की गई है। सभी मतदान केंद्रों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं। इन मतदान केंद्रों में शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए रिजर्व सहित 404 मतदान दलों की ड्यूटी लगाई गई है। मुंगेली जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत कुल 124 ग्राम पंचायत हैं, जिसमें 351 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। प्रथम चरण के चुनाव में मुंगेली जनपद क्षेत्र अंतर्गत 95 हजार 798 पुरूष मतदाता, 92 हजार 696 महिला मतदाता और 2 तृतीय लिंग सहित कुल 1 लाख 88 हजार 496 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जनपद पंचायत मुंगेली क्षेत्र अंतर्गत जिला पंचायत के 4 सीटों के लिए 31 प्रत्याशी, जनपद सदस्य के 25 सीटों के लिए 144 प्रत्याशी, सरपंच के 118 सीटों के लिए 626 प्रत्याशी और पंच के 1125 सीटों के लिए 2702 प्रत्याशी चुनाव के मैदान में है। वहीं 548 पंच और 6 ग्राम पंचायत जिनमें झझपुरीखुर्द, पुरान, करही(ध), डोडा, किरना और चकरभाठा में निर्विरोध सरपंच चुना गया है।



सामग्री वितरण करते मतदानकर्मी।

### जरहागांव क्षेत्र की 125 ग्राम पंचायतों में होगी वोटिंग




**जरहागांव।** मुंगेली ब्लॉक के जरहागांव तहसील में त्रिस्तरीय जनपद पंचायत, जिला पंचायत एवं ग्राम पंचायत चुनाव के लिए मतदान किया जाएगा। मतदान के लिए सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है। रिटर्निंग ऑफिसर तहसीलदार कुणाल पांडे ने बताया कि जरहागांव तहसील क्षेत्र में 125 ग्राम पंचायत, 25 जनपद क्षेत्र, 4 जिला पंचायत क्षेत्र हैं। ग्राम पंचायत निर्वाचन के दौरान ही जनपद एवं जिला पंचायत सदस्यों के लिए मतदान होगा। इनके लिए सभी ग्राम पंचायतों में मतदान टीम भेजी गई है। सभी मतदान केंद्रों में मतदाताओं की सुविधाओं के लिए पानी, लाइट, टेंट आदि की व्यवस्था की गई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायतों में पीठासीन अधिकारियों के नेतृत्व में मतदान कार्य संपन्न कराया जाएगा। मतदान के पश्चात तत्काल मतगणना कर विजेता घोषित किया जाएगा। इस दौरान यथा संभव सुरक्षा व्यवस्था लगाई गई है ताकि शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराया जा सके। इस कार्य को सम्पन्न कराने रिटर्निंग ऑफिसर के निर्देशन पर सभी आवश्यक व्यवस्था पूर्ण कर ली गई है। समस्त मतदान प्रक्रिया को पूर्ण कराने जिला प्रशासन कलेक्टर राहुल देव के निर्देशन पर निर्वाचन टीम का पूर्ण प्रशिक्षण के साथ कार्य विभाजन कर मतदान टीम को रवाना किया गया।

### मस्तूरी ब्लॉक में मतदान दल रवाना



**मस्तूरी।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के प्रथम चरण में 17 फरवरी सोमवार को मस्तूरी ब्लॉक चुनाव कराने रविवार को मतदान दल सामग्री लेकर मतदान केंद्र के लिए रवाना हुए। सोमवार को जनपद पंचायत क्षेत्र के अधिनस्थ 131 ग्राम पंचायत, 25 जनपद पंचायत एवं 5 जिला पंचायत सदस्य का चुनाव होना है। इस दौरान 131 ग्राम पंचायत में से 6 ग्राम पंचायत में सरपंच, एवं 647 पंच निर्विरोध चुने जा चुके है। शेष बचे 125 पंचायत के लिए सरपंच पद हेतु 632 प्रत्याशी एवं शेष 1304 पंच के लिए 3204 दावेदार प्रत्याशी चुनाव मैदान में डटे हुए हैं। इसी तरह 25 जनपद सदस्य के लिए 145 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। इन प्रत्याशियों की भाग्य का फैसला ब्लॉक के कुल 2 लाख 79 हजार 7 मतदाता करेंगे। जिसमें पुरुष मतदाता 14 हजार 6 सौ 79 एवं महिला मतदाता 1 लाख 38 हजार 3 सौ 22 एवं 6 अन्य मतदाता शामिल हैं। ज्ञात हो कि पंचायत चुनाव को लेकर ब्लॉक के विभिन्न ग्राम पंचायत क्षेत्रों में 508 पोलिंग बूथ बनाया गया है जिसमें 156 बूथ को संवेदनशील एवं 47 बुथ को अति संवेदनशील के रूप में चिन्हांकित किया गया है। इन सभी बूथों में प्रत्याशियों के चुनाव कराने 2 हजार 5 सौ 40 सदस्यीय स्टाफ तैनात किया गया है। साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से काफी संख्या में सुरक्षा बल भी तैनात किए गए हैं।

## नगर के विकास, लोगों की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहूंगा: रोहित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

- रोहित ने किया पालिका की चौखट को किया प्रणाम

जिले की 6 में से 5 नगरीय निकायों में भाजपा ने परचम लहराया, लेकिन जिला मुख्यालय की महत्वपूर्ण मुंगेली नगर पालिका में कांग्रेस ने ऐतिहासिक सफलता दर्ज कर सबको चौंका दिया। यहां कांगेस के रोहित शुक्ला ने भाजपा के शैलेष पाठक को 1543 वोट से शिकस्त दी। मुंगेली नगर पालिका के 22 वार्डों में से कांग्रेस ने 11, भाजपा ने 10 एवं 1 में निर्दलीय प्रत्याशी ने जीत दर्ज की, जबकि जिले के अन्य सभी 6 नगरीय निकाय में भाजपा ने एकतरफा जीत हासिल की। परंतु जिला मुख्यालय में कांग्रेस ने करारा झटका देते हुए भाजपा की अन्य जगहों की जीत को फीका कर दिया। यहां कांग्रेस के रोहित शुक्ला ने सत्तारूढ़ दल को झटका दिया। वहीं सरगांव में 15 वार्ड में से दोनों पार्टी के 7-7 पार्षद बने, वहीं एक निर्दलीय को किंगमेकर माना जा रहा है।



निर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष एवं पार्षद।

**मिला प्रमाण पत्र**

उप जिला निर्वाचन अधिकारी मेनका प्रधान ने नगर पालिका मुंगेली के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रोहित शुक्ला को प्रमाण पत्र प्रदान किया। साथ ही चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न होने के बाद सभी नगरीय निकायों के रिटर्निंग अधिकारी ने जीते हुए प्रत्याशियों को निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया। बीआरसाव स्कूल परिसर में प्रेक्षक रामप्रसाद चौहान की उपस्थिति में रिटर्निंग अधिकारी द्वारा नगर पालिका मुंगेली, बरेला और जरहागांव के जीते हुए प्रत्याशियों को निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

**ये रहे मौजूद:** रोहित ने कहा कि मेरी मां का आशीर्वाद एवं हनुमान जी की कृपा से जीत मिली है। विजय जुलुस में कांग्रेस कार्यकर्ताओ का उत्साह नजर आया। विधानसभा एवं लोकसभा मे करारी शिकस्त के बाद कांग्रेस को इस जीत से उर्जा मिली। विजय जुलुस में विधानसभा प्रत्याशी रहे संजीत बनर्जी, पूर्व नपाध्यक्ष हेमेन्द्र गोस्वामी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष स्वतंत्र मिश्रा सहित बडी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

**निकला विजय जुलूस**

नगर पालिका के लिए हुए चुनाव में कांग्रेस के रोहित शुक्ला ने भाजपा के शैलेष पाठक को पराजित किया। सत्तारूढ दल के लिए परिणाम अप्रत्याशित रहा। जीत के बाद उत्साही कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बीआरसाव स्कूल से नगर भ्रमण करते हुए विजय जुलुस निकाला। जुलूस के दौरान रोहित शुक्ला लोगों के ने घरों व दुकानों में पहुंचकर लोगों का आभार जताया। रोहित शुक्ला ने कहा कि एक तरफ पूरा शासन एवं सत्तारूढ़ दल के प्रभावशाली लोग थे, एक तरफ नगर की जनता युवा प्रत्याशी को नगर पालिका अध्यक्ष पद पर बिठाने एकजुट थी। नगर के जनता की जीत हुई। रोहित शुक्ला ने कहा कि जिस उम्मीद एवं भरोसे के साथ लोगों ने उन्हे स्नेह व समर्थन देकर निर्वाचित किया है मैं उस पर खरा उतरते हुए नगर में विकास कार्य एवं लोगों की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहूंगा। साथ ही सभी वरिष्ठ कांग्रेसजन एवं नगर के वरिष्ठ लोगों से मार्गदर्शन रायशुमारी कर सब मिलकर नगर का बड़े शहर की तर्ज पर विकास करेंगे। जितने लोग नगर पालिका में निर्वाचित हो रहे हैं सभी कंधे से कंधा मिलाकर विकास करेंगे।



मतदाताओं से वोट की अपील करते तोखन साहू।

### केंद्रीय मंत्री तोखन ने भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में किया प्रचार

- चौपाल, जनसंपर्क व बैठक कर लोगों से की वोट देने की अपील

**बिलासपुर।** केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्यमंत्री एवं बिलासपुर सांसद तोखन साहू मुंगेली जिले की लोरमी विधानसभा में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में चौपाल, संपर्क अभियान कर बैठक में शामिल हुए। भाजपा ने जिला पंचायत एवं जनपद सदस्य के प्रत्याशियों के समर्थन में लोरमी के विभिन्न गांवों में व्यापक जनसंपर्क, बैठक चौपाल आयोजित कर जिला पंचायत एवं जनपद सदस्य के प्रत्याशी के पक्ष में मतदान की अपील की। क्षेत्र क्र 5 औराबांधा से जिला पंचायत सदस्य पद की प्रत्याशी कांति डॉ उदय जायसवाल के समर्थन में ग्राम मसना में तोखन साहू ने मतदान करने का अपील की एवं जनपद सदस्य क्षेत्र क्र 25 सेमरसल के प्रत्याशी अमित बैस के समर्थन में प्रचार किया। लोरमी विधानसभा के जनपद सदस्य क्षेत्र क्र 15 से प्रत्याशी शत्रुघ्न कश्यप के समर्थन में सुकली में जनसंपर्क किया जनता को भाजपा की नीतियों से अवगत कराया। उन्होंने क्षेत्र क्र 10 से जनपद सदस्य प्रत्याशी रेखा साहू के समर्थन में ग्राम साल्हेघोरी में में चौपाल लगाकर रेखा दिलेश्वर साहू के समर्थन में वोट देने की अपील की।

## नपा उपाध्यक्ष की दौड़ में मुन्ना व गौरी आगे

**तखतपुर।** नगरपालिका अध्यक्ष पद पर कांग्रेस का कब्जा होने के बाद उपाध्यक्ष पद के लिए दौड़ तेज हो गई है। इस दौड़ में पांच बार के पार्षद मुन्ना श्रीवास और एक बार के अध्यक्ष और दो बार के पार्षद गौरी अजय देवांगन शामिल हैं।

नगरपालिका अध्यक्ष पद के लिए रविंदर पूजा मक्कड़ जीत के बाद रविवार को दिनभर उनके निवास पर लोगों का आना-जाना लगा रहा, वहीं नवनिर्वाचित पार्षदों ने अध्यक्ष को पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई दी। अब नगर पालिका में उपाध्यक्ष कौन होगा इसके लिए भी शहर में अब चर्चा होने लगी है। नगरपालिका अध्यक्ष महिला पद होने के कारण नगरपालिका की बैठक में विपक्ष के सवालों का जवाब देने और बैठक को सुचारू रूप से चलाने के लिए दमदार पार्षद की जरूरत होगी। ऐसे में नगरपालिका उपाध्यक्ष के रूप में पांच बार के पार्षद मुन्ना श्रीवास को देखा जा रहा है। इस बार उन्होंने संगठन और नगर पालिका में अध्यक्ष पद के



निर्वाचन के दौरान इसलिए भी ऐड़ी चोटी लगा दिया था क्योंकि पिछले बार इनकी पत्नि पुष्पा श्रीवास नगरपालिका अध्यक्ष थी। विधानसभा चुनाव में सत्ता परिवर्तन के बाद एक साल रहते हुए भाजपा ने अविश्वास प्रस्ताव लाकर इन्हें हटा दिया गया था और इसका फायदा उठाकर भाजपा ने एक वर्ष तक अध्यक्ष का कार्यकाल चलाया। एक वर्ष में कोई विशेष कार्य नहीं हो पाने के कारण नगरपालिका अध्यक्ष चुनाव में इसका खामियाजा भी देखने को मिला। उपाध्यक्ष पद के लिए मुन्ना श्रीवास की पहली दावेदारी है। साथ ही गौरी अजय देवांगन भी उपाध्यक्ष की दौड़ में शामिल हैं।

### कांग्रेस की जीत पर निकाली गई रैली

**मोपका।** मोपका में वार्ड नंबर 47 से कांग्रेस प्रत्याशी मोहन श्रीवास ने बड़े अंतर से जीत दर्ज करते हुए अपने प्रतिद्वंद्वी हर प्रसाद धुरी को 557 मतों से पराजित किया। इस अवसर पर वार्ड वासियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। जीत की खुशी में कांग्रेस के द्वारा भव्य रैली का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो की संख्या में महिलाएं एवं पुरुष शामिल हुए। रैली उनके घर से प्रारंभ होकर भाठापारा, गोडपारा, सूर्यवंशी मोहल्ला होते हुए मेन रोड में खालहेपारा, ठाकुर देव मंदिर चिल्हाटी में जाकर संपन्न समप्त हुई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



### मल्हार में इन्होंने दर्ज की जीत

**मल्हार।** नगर के वार्ड 2 से गायत्री देवार, वार्ड 3 से मिलुराम कैवर्त, वार्ड 4 से गीता कैवर्त, वार्ड 5 से कमलेश सिंह, वार्ड 6 से आशुतोष वर्मा, वार्ड 9 से रामफल कांत, वार्ड 12 से सपना मिथुन यादव, वार्ड 13 से सुशील चौबे, वार्ड 14 से रमेश यादव तथा वार्ड 15 से कुसुमलता साहू ने जीत दर्ज की। चुनाव में अध्यक्ष प्रत्याशी भाजपा के धनेश्वरी को 1897 वोट, कांग्रेस के प्रभा पारकर को 1455, बसपा की फगनी कैवर्त को 50, निर्दलीय से सुभद्रा सोनू तिवारी को 1201 वोट, उर्वशी संजय पांडे को 248 तथा सीता सूर्यवंशी को 123 वोट मिले। इस तरह भाजपा ने कांग्रेस प्रत्याशी को 442 मतों से परास्त किया।

**रंग लाई मेहनत**

त्रिकोणीय मुकाबले व कुछ संकट की स्थिति के बीच भाजपा कार्यकर्ताओं ने कड़ी मेहनत की और जोरदार जीत दर्ज की। चुनाव प्रभारी निखिल केशरवानी, भाजपा के पूर्व महामंत्री व चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले राजकुमार वर्मा अपनी टीम के साथ चुनाव संचालन में लगे रहे। उन्होंने भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्राथमिकता के साथ आम लोगों के सामने रखा। इसके अलावा चुनाव के बीच छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव की विशाल सभा भी प्रभावी रही।

## कोटा में युवाओं व महिलाओं में दिखा उत्साह

**कोटा।** कोटा में हुए चुनाव में युवाओं व महिलाओं ने उत्साह के मतदान किया। जिसके फलस्वरूप पार्षदों का चयन हुआ। वार्ड क्रमांक 1 में भाजपा की जयप्रकाश मरावी ने 546 मत प्राप्त कर जीत हासिल की वहीं कांग्रेस के कृष्ण कुमार बिझवार को 348 एवं नोटा को 17 मत मिले , वार्ड नंबर 2 भाजपा के प्रदीप कौशिक 670 मत प्राप्त कर जीत हासिल की वहीं कांग्रेस के सतीश जोशी 79 मत मिले तथा नोटा में 12 मत पड़े।

वार्ड नंबर 3 भाजपा की उषा बाबा गोस्वामी ने 486 मत प्राप्त कर जीत हासिल की एवं कांग्रेस की पुष्पा प्रकाश साहू को 74 व नोटा को 9 मत मिले। वार्ड नंबर 4 भाजपा से भागवत साहू 486 ने मत प्राप्त कर जीत हासिल की, कांग्रेस शैलेश गुप्ता को 259, जितेंद्र छत्री शिवसेना को 21, मोहित मोरध्वज केवट को 190 वोट व नोटा को 11 वोट पड़े। वार्ड नंबर 5 में भाजपा से बहुरा यादव 440 मत प्राप्त कर जीत हासिल की, कांग्रेस से दुर्गा यादव 237 व नोटा को 12 वोट पड़े।वार्ड नंबर 6 भाजपा के अनिल साहू ने 503 मत प्राप्त कर जीत हासिल की, कांग्रेस से सोनू मानिकपुरी 169, राजेश जायसवाल निर्दलीय 136 व नोटा को 13 मत पड़े। वार्ड नंबर 7 भाजपा के प्रमेन्द्र गंधर्व ने 392 मत प्राप्त कर जीत हासिल की, कांग्रेस के अनिल मसीह को 301, नोटा को 9 मत पड़े, वार्ड नंबर 8 कांग्रेस के देवेंद्र कौशिक ने 345 मत प्राप्त कर जीत हासिल की वहीं भाजपा के नेम सोनी को 314 तथा नोटा को 6 मत पड़े, वार्ड नंबर 9 भाजपा के कद्दावर नेता वेंकट अग्रवाल ने 611 वोट प्राप्त कर जीत दर्ज की, यहां से कांग्रेस के चंदन साहू को 191 तथा नोटा को 20 मत पड़े, वार्ड नंबर 10 मेंभाजपा की पार्वती योगेंद्र साहू ने 365 मत प्राप्त कर जीत हासिल की, वहीं कांग्रेस प्रत्याशी संतोषी कृपा राम साहू को 152, सीमा नरेश यादव निर्दलीय को 170 तथा नोटा में 7 मत पड़े ,वार्ड नंबर 11 कांग्रेस के कान्हा संतोष गुप्ता ने 301 मत प्राप्त कर 16 मतों से विजय हासिल की, यहां भाजपा के विमल गुप्ता को 285 एवं नोटा को 8 मत पड़े, वार्ड 12 में अंजना चौकसे भाजपा प्रत्याशी ने 533 मत प्राप्त कर जीत हासिल की, प्रार्थना गोरे महाराज कांग्रेस को 205 व नोटा में 4 मत पड़े, वार्ड 13 जब्बार खान कांग्रेस प्रत्याशी 279 मत प्राप्त कर जीत हासिल की, शुभम अजय अग्रवाल भाजपा को 250, अनिल दास मानिकपुरी जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी को 30 व नोटा में 3 मत पड़े, वार्ड क्रमांक 14 में भाजपा के गिरिराज गोस्वामी ने 259 मत प्राप्त कर जीत हासिल की, मनोज साहू कांग्रेस को 125, पवन कुमार साहू निर्दलीय को 58 ,विक्रांत जायसवाल निर्दलीय को 37 व नोटा में 5 मत पड़े, वार्ड क्रमांक 15 में भाजपा की पुष्पा कोमल पालके भाजपा 537 मत प्राप्त कर जीत हासिल की कांग्रेस की लक्ष्मीन बीझवार को 247 तथा नोटा 12 मत पड़े।

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे द्वारा श्रीमती मामीडी उषा नंदिनी उम्र 59 वर्ष पति एम. मुरलीधर लिंग महिला जाति तेलगु निवासी बिलासपुर द्वारा आवासीय परिसर हर्ष आशियाना के ब्लाक ए के फर्स्ट फ्लोर फ्लैट नं. A/108, 950 वर्गफुट खसरा नं. 115/6 का बयाना हो चुका है, जिसकी रजिस्ट्री 25 फरवरी 2025 को होनी है, इस बाबत यदि किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, शासकीय, अर्द्ध शासकीय कार्यालय या अन्य को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो सूचना के 7 दिनों के अन्दर समस्त कागजात सहित मेरे यहां उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति प्रकट कर सकता है तथा उसके बाद की गई किसी प्रकार की कोई भी आपत्ति अमान्य होगी। सो सूचना जाने।

भवदीय
विनय कुमार शुक्ला
मो. 8827395887

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
- एलर्जी जाँच एवं इम्यूनोथेरेपी
- गले की लेजर सर्जरी
- खर्राटे का ईलाज
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतों को सीधा करना
- दांतों की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
- दांतों में ज्वेलरी लगाना
- बच्चों के दूध के दांतों का इलाज एवं देखभाल

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**बिलासपुर।** तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोटा पुलिस के अनुसार, ग्राम पटैता निवासी मनोज बैगा खेती किसानी करते थे। 15 फरवरी को वे अपने ससुराल ग्राम नेवसा गए थे। वहां से वह शादी कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। बंधवापारा के पास मुख्यमार्ग में अज्ञात वाहन के ड्राइवर ने लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए उनकी बाइक को टक्कर मारकर भाग गया। जिससे मनोज बैगा गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर डायल 112 से उन्हें गंभीर अवस्था में इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया है। सूचना पर पुलिस ने अज्ञात वाहन के ड्राइवर के खिलाफ बीएनएस की धारा 106 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### संडे मार्केट हटते ही जाम से मिली राहत

**बिलासपुर।** छोटे व्यापारियों द्वारा सिम्स चौक से लेकर गोलबाजार तक हर रविवार को संडे मार्केट लगाया जाता था। जहां सैकड़ों की संख्या में कपड़ा सहित अन्य व्यापारी सामानों की बिक्री करते थे। शाम होते ही यह सड़क पूरी तरह जाम हो जाती थी। पैदल यात्री और दो पहिया वाहन चालकों को घंटों जाम में फंसा रहना पड़ता था। साथ ही लोगों के शोरगुल से आसपास के रहवासी परेशान रहा करते थे। ट्रेफिक व्यवस्था को सुधारने निगम प्रशासन ने न्यू अरपा रिवर व्यू के पास इन व्यापारियों के लिए जगह मुहैया कराया है। संडे बाजार हटते ट्रेफिक व्यवस्था पूरी तरह बहाल हो गई है। रविवार को लोग आसानी से आवागमन कर सकते हैं।

# पंचायत चुनाव के बाद होगा शहरी सरकार का शपथ ग्रहण

## अगले 15 दिनों के भीतर सभी निकायों के पहले सम्मेलन और सभी निर्वाचितों लोगों को सदस्यता की शपथ करानी होगी

### एमआईसी में जगह पाने जुगाड़ और जोड़तोड़ भी शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहरी सरकार की सत्ता पर भाजपा विराजमान हो गई है। इसके साथ ही अब नवनिर्वाचित पार्षदों और महापौर के शपथ ग्रहण की तैयारियां भी शुरू हो गई हैं। हालांकि पार्टी से मिली जानकारी के मुताबिक यह समारोह पंचायत चुनाव के बाद ही होगा। दूसरी ओर सभी निकायों के चुनाव परिणामों और गठन की अधिसूचना रविवार को राज्य निर्वाचन आयोग ने प्रकाशित कर दी है।

आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक इसके बाद अगले 15 दिनों के भीतर सभी निकायों के पहले सम्मेलन और सभी निर्वाचितों लोगों को सदस्यता की शपथ करानी होगी। यह कार्रवाई संबंधित कलेक्टर और उनके सक्षम प्राधिकार कराएंगे। इसके उपरांत ही सभी निकायों से प्रशासक वापस लिए जाएंगे और उसके बाद ही महापौर-अध्यक्ष, एमआईसी,पीआईसी का गठन कर सकेंगे। इससे पहले राज्य निर्वाचन आयोग मे आज मतगणना होने के उपरांत केवल नगरपालिकाओं के निर्वाचन क्षेत्रों में आदर्श आचरण संहिता प्रभाव शून्य कर दिया है।

ज्ञात हो कि आयोग ने बीते 20 जनवरी को चुनाव कार्यक्रम जारी करते हुए सभी संबंधित नगरीय क्षेत्रों में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई थी। प्रदेश के 173 नगरीय निकायों हेतु 11 फरवरी को मतदान हुआ और 15 फरवरी को रिजल्ट भी जारी किया गया। इसमें सभी 10 निगमों में भाजपा को जीत मिली है। बिलासपुर में भी भाजपा की श्रीमती पूजा विधानी 66 हजार से अधिक मतों से जीतकर महापौर बनीं है। कुल 70 वार्डों में से 49 में भाजपा, 18 में कांग्रेस और 3 में निर्दलीय को जीत मिली है। अब परिणाम के बाद नगरीय निकाय चुनाव में महापौर व पार्षदों के नाम राजपत्र में शामिल करने के लिए भेजे जाएंगे। इसकी कॉपी कलेक्टर को मिलने के बाद शपथ ग्रहण की तारीख तय होगी।




### एमआईसी में 11 सदस्य, एल्डरमैन भी 11 ही होंगे

प्रक्रिया के तहत शपथ ग्रहण के बाद ही निगम में सभापति चुनाव और महापौर परिषद का गठन होगा। निगम के संवैधानिक नियमों की बात करें तो महापौर, सभापति, पार्षद और एल्डरमैन को मिलाकर ही पूरा संगठन और शहर सरकार बनती है। निगम में नेता प्रतिपक्ष बनाने का कोई संवैधानिक नियम नहीं है। हालांकि व्यवस्था के तहत कई बार ऐसा कर दिया जाता है। बिलासपुर की बात करें तो कुल 70 वार्डों में इतने ही पार्षद चुनकर आएं हैं। नियमों के तहत 15 प्रतिशत पार्षदों को मेयर इन कौंसिल में जगह मिलेगी तो 15 प्रतिशत पार्षदों को एल्डैरमैन बनाया जाएगा। इस लिहाज से 11 पार्षद मेयर इन कौंसिल (एमआईसी) और 11 एल्डरमैन बनेंगे।

### अरपापार मिल सकती है 4 लोगों को जगह

भाजपा से जुड़े लोगों के मुताबिक इसमें सीनियर पार्षदों के साथ ही कुछ नए लोगों को भी जगह मिल सकती है। इसमें अरपा पार से 3 से अधिक लोगों को एमआईसी में जगह मिल सकती है। गौरतलब है कि अरपा पार कुल 22 वार्ड हैं इसमें से भाजपा के 16 पार्षद जीतकर आएं हैं। इसमें से वार्ड क्रमांक 60 से विजय ताम्रकार, वार्ड 61 से राजेश दुसेजा और वार्ड 63 से श्याम साहू शामिल, वार्ड 56 से रुपाली अनिल गुप्ता, वार्ड 57 से रेखा ओमप्रकाश पांडे एमआईसी में शामिल हो सकते हैं। सभी पार्षद तीन बार से अधिक चुनाव जीत चुके हैं। इसके साथ ही तिलकराम साहू का नाम भी एमआईसी में आ सकता है। हालांकि उन्होंने वार्ड 49 से पहली बार चुनाव जीता है लेकिन वे वर्तमान में साहू संघ के जिला अध्यक्ष हैं तो कुछ समय पहले तक जिला भाजपा के उपाध्यक्ष भी रह चुके हैं।

### सभापति के लिए नामों पर भी चर्चा शुरू

इसके साथ ही कांग्रेस और भाजपा सहित, निर्दलीय पार्षद भी सभापति के लिए नाम तय करने में लगे हुए हैं। इसे लेकर बैठकों का दौर प्रारंभ हो सकता है। हालांकि अभी तक तीनों की तरफ से नाम सामने नहीं आया है। शपथ ग्रहण समारोह के बाद ही इसकी घोषणा किए जाने की बात कही जा रही है। फिलहाल इनके नाम पर चर्चाओं का बाजार काफी गर्म हैं। दोनों दलों के पार्टी नेताओं के यहां बैठकों का दौर भी चल रहा है। कहा जा रहा है कि भाजपा के किसी वरीष्ठ पार्षद को सभापति की जिम्मेदारी दी जा सकती है।

### आयोजित होगा समारोह

24 फरवरी तक को आचार संहिता है। इसके बाद ही निगम के नव निर्वाचित पार्षदों और महापौर का शपथ ग्रहण कराया जा सकता है। आचार संहिता के बाद कलेक्टर से समय लेकर यह समारोह कराया जाएगा।

**- राजेन्द्र अवस्थी**, निगम सचिव

## स्टेशन में पसरा सन्नाटा



यात्री ट्रेनों के कम आने के कारण प्लेटफार्म क्रमांक एक पर पसरा सन्नाटा।

### मस्तूरी के क्षेत्र क्रमांक 2 में सबसे अधिक 23 प्रत्याशी चुनावी मैदान में

# पंचायत चुनाव का पहला चरण आज, बिलासपुर में 17 पदों के लिए 126 प्रत्याशी मैदान में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम चुनाव के लिए वोटिंग प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब जिला पंचायत के लिए राजनीतिक दल ताल ठोंक रहे हैं। बिलासपुर में 17 जिपं क्षेत्र के लिए कांग्रेस- भाजपा सहित अन्य दलों और स्वतंत्र प्रत्याशियों को मिलाकर 126 प्रत्याशी मैदान में हैं। पहले चरण का मतदान 17 फरवरी को होगा। हालांकि 6 फरवरी को नाम वापसी प्रक्रिया पूरी होने के बाद से प्रत्याशी अपने क्षेत्र में सक्रिय हैं। स्थानीय नेताओं के साथ जिला स्तर के नेता भी अपने दल के समर्थित प्रत्यशियों के लिए जुटे हुए हैं। जिला पंचायत से मिले आंकड़ों के आधार पर जिला पंचायत के 17 सीटों में से सबसे ज्यादा प्रत्याशी मस्तूरी विकासखंड के क्षेत्र क्रमांक 2 से हैं। यहां पर सर्वाधिक 23 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। वहीं सबसे कम कोटा विकाखंड के क्षेत्र क्रमांक 1 में कुल 5 उम्मीदवार चुनावी दंगल में उतरने के लिए ताल ठोंकी है। कांग्रेस-भाजपा में अधिकतर जगह मुख्य मुकाबला होने से पार्टी के नेता, चुनाव प्रभारी और पदाधिकारी लगातार बैठक और दौरे कर रणनीति बना रहे हैं। इसके अलावा बसपा समर्थित और स्वतंत्र प्रत्याशी भी जोर आजमाइश में जुटे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों से जुड़े चुनाव होने के कारण दल से ज्यादा व्यक्ति की छवि और सक्रियता भी जीत या हार का कारण बनती है। यही वजह है कि राजनीतिक दलों को इस चुनाव के लिए भी ताकत झोंकनी पड़ रही है।

### सबसे कम कोटा ब्लाक क्षेत्र क्रमांक 1 में 5 उम्मीदवार चुनावी दंगल में



### यह हैं भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशी

| निर्वाचन क्षेत्र जनपद नाम | भाजपा प्रत्याशी | कांग्रेस प्रत्याशी |
|---|---|---|
| बिल्हा | अनसुईया जागेन्द्र कश्यप | सुनीता कौशिक |
| बिल्हा | राजेश सूर्यवंशी | झगरराम सूर्यवंशी |
| बिल्हा | तुलसी अशोक साहू | कल्पना कनेरी |
| बिल्हा | पुनिता डहरिया | अनिता शुक्ला |
| बिल्हा | गोविंद यादव | संदीप यादव |
| तखतपुर | ललिता संतोष कश्यप | हेमलता डडसेना |
| तखतपुर | विनोद सिंह क्षत्री | शिवेंद्र कौशिक |
| तखतपुर | भारती माली | मुक्त |
| तखतपुर | अंबिका विनोद साहू | देवकली कुर्रे |
| मस्तूरी | नूरी दिलेन्द्र कौशिक | राजेन्द्र धीवर |
| मस्तूरी | अरूणा चंद्रप्रकाश सूर्या | अंजली राजू सूर्यवंशी |
| मस्तूरी | मुक्त | महेन्द्र गंगोत्री |
| मस्तूरी | सरोजनी रामनारायण भारद्वाज | सुकृता खुंटे |
| मस्तूरी | राधा खिलावन पटेल | सीमा रवि श्रीवास |
| कोटा | निरंजन पैकरा | रामचन्द्र पैकरा |
| कोटा | गीता सलाम | रजनी मरकाम |
| कोटा | सती गोलू पोर्ते | शांति बुधराम मरकाम |

### बैलेट पेपर से होंगे पंचायत चुनाव

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में ग्राम पंचायतों के सरपंच, पंच, जनपद पंचायत के सदस्य, जिला पंचायत सदस्य चुनने के लिए वोट डाले जाएंगे। यह चुनाव बैलेट पेपर के माध्यम से होगी। जिसमें सरपंच के लिए नीला, पंच के लिए सफेद, जनपद सदस्य के लिए पीला व जिला पंचायत सदस्य के लिए गुलाबी मतपत्र होंगे।

### कहां से कितने उम्मीदवार

**बिल्हा विकासखण्ड**

- क्षेत्र क्रमांक 1 - 7 उम्मीदवार
- क्षेत्र क्रमांक 2 - 11 उम्मीदवार
- क्षेत्र क्रमांक 3 - 12 उम्मीदवार
- क्षेत्र क्रमांक 4 - 6 उम्मीदवार
- क्षेत्र क्रमांक 5 - 8 उम्मीदवार

**तखतपुर विकासखण्ड**

- क्षेत्र क्रमांक 1 -10 उम्मीदवार
- क्षेत्र क्रमांक 2 - 17 उम्मीदवार
- क्षेत्र क्रमांक 3 - 19 उम्मीदवार
- क्षेत्र क्रमांक 4 -8 उम्मीदवार

**मस्तूरी विकासखण्ड**

- क्षेत्र क्रमांक 1 - 9 उम्मीदवार
- क्षेत्र क्रमांक 2 - 23 उम्मीदवार
- क्षेत्र क्रमांक 3 - 16 उम्मीदवार
- क्षेत्र क्रमांक 4 - 7 उम्मीदवार
- क्षेत्र क्रमांक 5 -10 उम्मीदवार

### दो बजे तक होगी वोटिंग

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पहले चरण का मतदान सोमवार को सुबह से दोपहर दो बजे तक होगा। वोटिंग के दूसरे दिन ही मतगणना भी हो जाएगी। इसके लिए राज्य निर्वाचन आयोग ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली है। रविवार की सुबह स्थानीय जनपद पंचायत से मतदान दलों को रवाना किया गया. संवेदनशील और अति संवेदनशील केंद्रों पर व्यापक सुरक्षा व्यवस्था मुहैया कराई गई है।



# नई बिल्डिंग में पीआरएस शिफ्ट, लेकिन सुविधाएं जीरो

हरिभूमि न्यूज, बिलासपुर

जोनल रेलवे स्टेशन बिलासपुर के गेट नम्बर एक पर संचालित होने वाले आरक्षण कार्यालय को स्काउट एंड बिल्डिंग की बिल्डिंग में शिफ्ट तो कर दिया गया है, लेकिन उक्त स्थान पर सुविधाओं का काफी अभाव है। इस बिल्डिंग में आरक्षण कराने वाले लोगों के साथ कर्मचारियों के लिए पीने के पानी की कोई व्यवस्था तक नहीं है। इसके अलावा आनलाइन बुकिंग नहीं होने की स्थिति में कैश निकालने के लिए दूर-दूर तक एटीएम बूथ भी नहीं दिखाई देता है, जिसके कारण लोग भी काफी परेशान हो रहे हैं।

बिलासपुर रेलवे स्टेशन को 492 करोड़ रुपए की लागत से एयरपोर्ट की तर्ज पर बनाने का काम किया जा रहा है। इस काम की शुरुआत गेट नम्बर चार से की गई। गेट नम्बर तीन पर अनारक्षित टिकिट काउंटर के संचालन और यात्रियों की आवाजाही अधिक होने के कारण ठेकेदार को काम करने में परेशानी हो रही थी। इसके लिए अनारक्षित टिकिट काउंटर को गेट नम्बर एक पर संचालित होने वाले आरक्षण कार्यालय में शिफ्ट करने का निर्णय लिया गया। इस कार्य में करीब 20 से 25 दिन का समय लग गया। आरक्षण कार्यालय के लिए टीटीई रेस्ट हाउस के बगल में ब्रिटिश काल में बनी पुरानी स्काउट एंड गाइड की



बिल्डिंग को चिन्हांकित किया गया। यहां एसएंडटी व अन्य कार्य पूरा करने के उपरांत आरक्षण कार्यालय की शिफ्टिंग कर दी गई। वर्तमान में आरक्षण कार्यालय की बिल्डिंग में अनारक्षित टिकिट काउंटर का और स्काउट एंड गाइड की बिल्डिंग में बुकिंग का संचालन शुरु कर दिया गया है। बुकिंग कार्यालय में यात्रियों के लिए पांच काउंटर भी बना दिए गए हैं। इस स्थान पर यात्रियों को सबसे बड़ी समस्या वाहन पार्किंग से काफी राहत मिली है। इसके बावजूद भी आरक्षण कार्यालय की बिल्डिंग में सुविधा का काफी अभाव है। पूर्व में संचालित स्टेशन के गेट नम्बर एक पर स्थित आरक्षण कार्यालय में बुकिंग कराने वाले लोगों को पीने का पानी, आनलाइन बुकिंग नहीं होने की स्थिति में स्टेशन पर एटीएम बूथ की सुविधा मिल जाती थी। वर्तमान स्थान पर संचालित होने वाले आरक्षण कार्यालय में पानी के लिए बुकिंग कराने वाले लोगों के साथ स्टाफ भी तरस रहे हैं। आसपास में कोई एटीएम बूथ की सुविधा नहीं होने के कारण लोगों को तारबाहर चौक और बुधवारी बाजार की दौड़ लगानी पड़ रही है, जिसके कारण उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### बिल्डिंग के बाहर की स्थिति खराब

स्काउट एंड गाइड में संचालित होने वाले आरक्षण कार्यालय के बाहर की स्थिति काफी खराब है। कंस्ट्रक्शन विभाग ने पीआरएस में स्टाफ के बैठने की व्यवस्था तो कर दी, लेकिन बाहर मैदान का काम कुछ नहीं किया है। चारों ओर कचरा और गड्ढे. के कारण गाड़ियों को रखना मुश्किल हो जाता है, जिसकी वजह से लोग सड़क के किनारे गाड़ियां खड़े कर रहे हैं। इस कार्य को नहीं किया गया तो आने वाले बारिश के मौसम में चारों ओर कीचड़ और पानी की वजह से लोगों को भी काफी परेशानी उठानी पड़ेगी।

### दी जाएगी जानकारी

स्काउट एंड गाइड की बिल्डिंग में आरक्षण कार्यालय का संचालन किया जा रहा है। अगर बिल्डिंग के बाहर की स्थिति खराब है, तो इसके लिए संबंधित विभाग को जानकारी दी जाएगी।

**अनुराग कुमार सिंह**
सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

## नर्मदा कोल्ड ड्रिंक का फार्मूला दूसरे को बेचा, एचआर के खिलाफ जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** नर्मदा कोल्ड ड्रिंक का फार्मूला लैपटाप से निकालकर दूसरी कंपनी को बेचने वाले कर्मचारी के खिलाफ पुलिस ने अमानत में खयानात का मामला दर्ज कर लिया है।

सिरगिट्टी टीआई रजनीश सिंह ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र स्थित नर्मदा कोल्ड ड्रिंक में सत्य प्रकाश चौहान एसआर के पोस्ट में काम कर रहे थे। कंपनी के उत्पाद का फार्मूला डिजिटल फार्म में आता था। इसे एचआर ने अपने लैपटाप में कापी कर लिया और उसके बाद उक्त फार्मूले को दूसरी कोल्ड ड्रिंक बनाने वाले कंपनी को बेच दिया। जिससे कंपनी को आर्थिक नुकसान होने लगा और मार्केट में नकली कोल्ड ड्रिंक बिक्री होने की आशंका बढ़ गई है। कंपनी ने शक होने पर एचआर का तबादला औरंगाबाद स्थित अपने प्लांट में कर दिया। एचआर वहां भी कंपनी का फार्मूला चोरी कर दूसरे कंपनी को बेचने लगा। कंपनी के अधिकारियों ने घटना की शिकायत थाने में की। जांच के बाद पुलिस ने एचआर के खिलाफ बीएनएस की धारा 403, 406, 72, 72 ए के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

## आबकारी विभाग ने मारा छापा, 92 लीटर अवैध शराब के साथ 4 गिरफ्तार

**बिलासपुर।** आबकारी विभाग की टीम ने जिले के पांच स्थानों पर छापेमारी कार्रवाई करते हुए 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी अवैध रूप से महुआ शराब की बिक्री कर रहे थे। इस दौरान टीम ने 92 लीटर अवैध शराब, 85 लीटर महुआ, 7 लीटर देशी मदिरा और 460 किलो महुआ लहान जब्त किया है।

शनिवार को आबकारी विभाग को सूचना मिली की बिलासपुर जिले के बिल्हा, तखतपुर और सीपत क्षेत्र में अवैध रूप से शराब की बिक्री की जा रही है। विभाग के अधिकारियों ने टीम बनाकर बिल्हा के ग्राम डडहा, उमरिया, तखतपुर के सागर, सीपत क्षेत्र के ग्राम टेकर में कार्रवाई करते हुए 92 लीटर अवैध शराब, 85 लीटर महुआ, 7 लीटर देशी मदिरा और 460 किलो महुआ लहान जब्त किया है। टीम के सदस्यों ने आरोपी निखिल लोनिया पिता शुक्ला प्रसाद लोनिया निवासी डडहा, दीपक पिता गेंदराम साहू निवासी सागर, लक्ष्य पिता फुंदुरू राम निवासी सागर तथा ग्राम टेकर निवासी जवाहरलाल पिता मनराखन को शराब की अवैध बिक्री करते हुए गिरफ्तार किया। इन आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) 59 (क) सहित अन्य प्रकरण दर्ज किया है। इस छापेमार कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी कल्पना राठौर, छबि पटेल, आबकारी उपनिरीक्षक ऐश्वर्या मिंज, रमेश दुबे, भूपेन्द्र जामडे, मुख्य आरक्षक सुभाष तिवारी, जयशंकर कमलेश, अनिल पाण्डेय, कल्याण कहरा, आरक्षक राहुल दुबे, प्रभुवन बघेल शामिल थे।

### लक्जरी कार में शराब की तस्करी, आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर। मस्तूरी क्षेत्र में पंचायत चुनाव को लेकर मतदान के एक दिन पहले पुलिस की टीम ने हेक्टर कार से 142 पाव देसी शराब लेकर जा रहे युवक को गिरफ्तार किया है। इस पर पुलिस की टीम ने घेराबंदी कर कार सवार युवक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। मस्तूरी थाना प्रभारी हरीश टांडेकर ने बताया कि पंचायत चुनाव को लेकर जगह-जगह घेराबंदी कर संदिग्ध वाहनों की जांच की जा रही है। इसी दौरान सूचना मिली कि एक युवक सफेद एमजी हेक्टर कार में देसी शराब लेकर हिर्री की ओर आ रहा है। इस पर पुलिस की टीम ने घेराबंदी कर गांव के बाहर ही कार सवार अजय साहू(35) निवासी हिर्री को पकड़ लिया। कार की तलाशी में 142 पाव देसी शराब मिली। इसे जब्त कर युवक को थाने लाया गया। पूछताछ में युवक गोलमोल जवाब दे रहा था। पुलिस को आशंका है कि चुनाव में खपाने के लिए देसी शराब लाई जा रही थी। फिलहाल कार और शराब जब्त कर युवक के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

हरिभूमि बिलासपुर नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

online Booking:-www.tripuryatra.com
शिमला मनाली
9 दिन
18 मार्च से 26 मार्च, 08 अप्रैल से 16 अप्रैल
06 मई से 14 मई, 22 मई से 30 मई, 04 जून से 12 जून 2025
माल रोड, फागू, कुफरी, नालदेहरा, मशोबरा, रोहतांग दर्रे, काली बाड़ी मंदिर, जाखू मंदिर, माल रोड स्कैंडल प्वाइंट, लक्कड़ बाजार, वर्षों पुरानी तारा देवी मंदिर, देवताओं की घाटी कुल्लू मणिक्रान
राशि:-स्लीपर 12500/-, 3 एसी 22,500/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411